

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

**सब पर नजर, सटीक खबर**

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | शनिवार, 25 जनवरी 2025 | वर्ष: 02, अंक: 339, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## अमूल ने दूध की कीमत घटाई


**अहमदाबाद**
अमूल दूध की कीमतों में कमी की गई है। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जयन मेहता ने इस बारे में जानकारी दी। कंपनी ने कहा है कि उसके तीन प्रमुख दूध उत्पादों की कीमत में एक रुपये की कमी की गई है। इनमें अमूल गोल्ड, अमूल टी स्पेशल और अमूल फ्रेश शामिल है। इनके एक लीटर वाले पाउच की कीमत में एक रुपये की कमी की गई है। अमूल दूध की कीमतों में एक रुपये प्रति लीटर की कटौती के बाद दूध से बनने वाले उत्पादों की कीमतों में भी कटौती होने की उम्मीद है। जरूरी खाद्य पदार्थ होने के कारण दूध की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर आम लोगों पर पड़ता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, नई कीमतों की घोषणा के बाद 66 रुपये प्रति लीटर के भाव पर बिकले वाला अमूल गोल्ड 65 रुपये में उपलब्ध होगा। वहीं, अमूल ताजा की कीमत 54 रुपये से घटकर 53 रह जाएगी। जबकि, अमूल टी स्पेशल दूध के एक लीटर के पैक की कीमत 62 रुपये से एक रुपये कम होकर 61 रुपये हो जाएगी।

## पूर्व विधायक अनंत सिंह ने किया आत्मसमर्पण

**पटना**
मोकामा गोलीकांड में पूर्व विधायक व बाहुबली अनंत सिंह ने सरेंडर कर दिया है। पटना पुलिस उनकी लिए सुबह से ही तैयारी चल रही थी।

## वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की बैठक में हंगामा

**नई दिल्ली**
वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। हंगामा थमता न देख समिति के 10 सांसदों को पूरे दिन के लिए कमेटी की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया। इससे पहले बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। आज भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी कश्मीर के मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी।



**सभी 10 विपक्षी सांसद दिनभर के लिए निलंबित**
बैठक में हुए हंगामे के बाद वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से सभी 10 विपक्षी सांसदों को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित विपक्षी सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक, इमरान मसूद शामिल हैं।

**निशिकांत दुबे ने पेश किया निलंबन प्रस्ताव**
भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया। इसे समिति ने स्वीकार कर लिया।

भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने दावा किया कि विपक्षी सदस्यों का आचरण शर्मनाक था, क्योंकि वे बैठक के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। **मीरवाइज को बुलाने से पहले**

**चर्चा में हंगामा**
मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों ने आपस में चर्चा की और इसी दौरान विपक्षी नेताओं के साथ बैठक में हंगामा हो गया। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को जल्द स्वीकार करने पर जोर दे रही है।

### बैठक के दौरान सदस्यों में हुई तीखी बहस

**बैठक** के दौरान तीखी बहस के कारण कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। मीरवाइज के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल समिति की बैठक फिर से शुरू होने के बाद उसके सामने पेश हुआ।

**आरोप-प्रत्यारोप का दौर**
तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी और कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन बैठक से बाहर निकल आए। उन्होंने कहा कि समिति की कार्यवाही तमाशा बन गई है। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित संशोधनों पर खंडवार विचार करने के लिए 27 जनवरी को होने वाली बैठक को 30 जनवरी या 31 जनवरी तक के लिए टाल दिया जाए।

## महाराष्ट्र: आयुध फैक्टरी में विस्फोट, 8 की मौत

**मुंबई**
**महाराष्ट्र** के भंडारा जिले में शुक्रवार को सुबह एक आयुध फैक्टरी में विस्फोट हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आयुध फैक्टरी में विस्फोट के कारण एक इकाई की छत गिरने से कई श्रमिक फंस गए। उन्होंने विस्फोट में जान गंवाने वालों के लिए शोक भी व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भंडारा में आयुध फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 7 लोग घायल हैं। गडकरी ने जान गंवाने वालों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि घटनास्थल पर जीवित बचे लोगों के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। इससे पहले जिलाधिकारी संजय कोल्टे ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब साढ़े 10 बजे आयुध के परिसर में हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्टरी के एलटीपी सेक्शन में हुआ। विस्फोट के समय ह्यएलटीपी सेक्शन में 14-15 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिनमें से तीन को बचा लिया गया और एक की मौत हो गई।



अग्निशमन दल और एंबुलेंस को मौके पर भेज दिया गया है। छत ढह गई है, जिसे जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है। हादसे की खबर आते ही फडणवीस ने दुख जताया।

## केजरीवाल से मिले आरएलपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल

**नई दिल्ली**
राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद हनुमान बेनीवाल ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव और देश की राजनीतिक हालात पर चर्चा की। इस दौरान हनुमान बेनीवाल ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की तरफ से दिल्ली चुनाव में आआपा को अपना पूर्ण समर्थन दिया और आआपा के समर्थन में चुनाव प्रचार करने का भी भरोसा दिया। इस मुलाकात को लेकर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हनुमान बेनीवाल मुझसे मिलने के लिए आए। वो पहले ही दिल्ली चुनाव में आआपा को समर्थन देने का ऐलान कर चुके हैं। आआपा ईमानदारी और सच्चाई के साथ खड़ी है। उन्होंने हमें समर्थन भी इसलिए दिया है, क्योंकि हम ईमानदारी और सच्चाई के साथ खड़े हैं। इसके लिए मैं उनका तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।



## ऑफिस में महिलाओं के साथ अनचाहा व्यवहार भी यौन उत्पीड़न: कोर्ट

**चेन्नई**
मद्रास हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ अवांछित व्यवहार भी यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। कोर्ट ने कहा कि उत्पीड़नकर्ता की मंशा चाहे जो भी हो, यह कृत्य आपराधिक कृत्य है।
दरअसल, न्यायमूर्ति आर.एन. मंजुला ने इस बात पर जोर दिया कि पीओएसएच अधिनियम यौन उत्पीड़न के पीछे के इरादे की तुलना में उसके कृत्य को प्राथमिकता देता है।






# महाकुंभ से लौट रही साध्वी की सड़क दुर्घटना में मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर ! आ**स्था की डुबकी लगाकर महाकुंभ से लौट रहे महंत श्रद्धालुओं के ड्राइवर की झपकी लगने से स्कॉर्पियो गाड़ी डिवाइडर से टकराने से एक 70 वर्षीय साध्वी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन महंत गंभीर रूप से घायल हो गए, तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में पुरोला के आश्रम के साधु सन्त उमेश गिरी 26 वर्ष, पारस गिरी 65 वर्ष, व चालक रूपेंद्र 40 वर्ष स्कॉर्पियो से प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाकर वापस अपने आश्रम को लौट रहे थे।



गुरुवार की सुबह फोर लाइन नगीना कोतवाली मार्ग स्थित गांगन नदी पुल के निकट पहुचने पर अचानक कार चालक रूपेंद्र को नींद की झपकी लग गयी, जिससे स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराती हुए गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें सवार साध्वी भागीरती की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रमेश गिरी, पारस गिरी, रूपेंद्र चालक, तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस सेवा मृतक व घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

चिकित्सा प्रभारी अधिकारी ईश्वर चंद ने घायलो का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लिखापढ़ी कर मृतका साध्वी के साथियों के आग्रह पर बिना पोस्टमार्टम कराए ही अपने आश्रम को ले गए।

## एसपी ने मादक पदार्थों के निस्तारण के सम्बन्ध में जिला ड्रग डिस्पोजल कमेटी के साथ किया बैठक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी । शुक्रवार** को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, बाराबंकी में थाने के मालखाना में रखे गए एन.डी.पी.एस के अभियोगों में बरामद पदार्थों के निस्तारण के सम्बन्ध में जिला ड्रग डिस्पोजल कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें प्रत्येक थानों से नामित किए गए नोडल अधिकारी थाने के हेडमोहर्रिर मालखाना द्वारा मालखाना में रखे हुए मादक पदार्थ जिसका एन.डी.पी.एस की धारा 52 क के अन्तर्गत कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है, के साथ प्रतिभाग किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा नारकोटिक ड्रग्स मनः प्रभावी पदार्थ(जब्ती भण्डारण, नमूनाकरण और निपटान) नियम 2022 में निहित प्रविधानों के अन्तर्गत एन.डी.पी.एस एक्ट 1985 में जब्त किए गए अफीम, मारफीन व 384 प्रकरणों में उपलब्ध अभिलेखों एवं बरामद मादक पदार्थों का विनष्टीकरण हेतु अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह व क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कन्नौजिया मौजूद रहें।





## एसपी ने आगामी गणतन्त्र दिवस के दृष्टिगत रिहर्सल परेड का किया निरीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। शुक्रवार को रि**जर्व पुलिस लाइन्स परेड ग्राउण्ड में आगामी गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी) के दष्टिगत ग्रांड रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। परेड का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कनौजिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डा0 अखिलेश नारायण सिंह, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## रंजिश को लेकर दो पक्षों में चली लाठी डंडे, दर्जनों घायल

**सबसे तेज प्रयागराज**


**कौशाम्बी। कोखराज थाना** क्षेत्र के अंतर्गत सिहोरी गांव में शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई जिसमें लाठी डंडा व फावडे से हमला किया गया इस हमले में दर्जनों लोग घायल हो गए मामले की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना कोखराज के सिहोरी गांव के रहने वाले अनवार खान पुत्र अबरार ने गांव के ही सफाना पुत्री अच्छे से सन 2013 में प्रेम विवाह कर लिया था जिसको लेकर वह झांसी में रह रहे थे बीते चार दिन पहले अनवार खान अपने घर आया जिसको लेकर सफाना के घर वालो से कहासुनी होने के बाद जमकर मारपीट होने लगी जिससे दोनों पक्ष के लोग दर्जनों लोग घायल हो गए इस हमले में मो. युसूफ अरफान मसरूम पुत्रगण अच्छे व अच्छे पुत्र मोइन व दूसरे पक्ष के सऐसाम खान फैजान खान रिजवान अनवार खान पुत्रगण अबरार खान व रुवेदा बीवी पत्नी अबरार खान व रुबीना पत्नी फैजान घायल हो गए हैं। हमले के दौरान तमाम लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया दोनों पक्ष के लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।



## तमंचा, कारतूस चाकू बरामद,दो गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। एसपी दिनेश कु**मार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की तलाश में फतेहपुर व सुबेहा पुलिस ने तमंचा कारतूस व चाकू के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को अभियुक्त गोविन्द चौहान पुत्र स्व0 गोकरन उर्फ गरीबे निवासी गोड़ियन का पुरवा टाण्डा निजाम थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया।

थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त जगन्नाथ पुत्र भगौती निवासी ग्राम रतौली मजरे कुडवा थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद किया गया।

## मिशन शक्ति टीम का प्रयास हर महिलाएं हो जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार** श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/

जिला अस्पताल/विद्यालय/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना करारी पुलिस टीम द्वारा कस्बा करारी व ग्राम बट बधुरी में जाकर, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा कस्बा पश्चिम शरीरा में, थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम समसपुर में, थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में, महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में* भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/छात्राओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- *(1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि* के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि* के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।



## असन्द्रा पुलिस ने 2 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। थाना** असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 2 अभियुक्तगण अनुज पुत्र भुल्लन, हजारी प्रसाद पुत्र शंकर निवासीगण छूलापाही (पुरवा) थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़/जामातलाशी के कुल 440/- रुपए बरामद किया गया।

## बिजनौर में रात भर 'जागते रहो' की गूंज

## लूट-चोरी से परेशान पुलिस का नया प्लान, ग्रामीणों के साथ नाइट पेट्रोलिंग

**संजीव विश्वकर्मा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर! बिजनौर** में बढ़ती लूट और चोरी की वारदातों ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। पिछले 15 दिनों में हुई 6 बड़ी वारदातों के बाद पुलिस ने अपराध रोकने के लिए नई रणनीति अपनाई है। एसपी अभिषेक के निर्देश पर पुलिस कर्मी अब ग्राम सुरक्षा समिति, ग्राम प्रहरी और ग्राम प्रधानों के साथ मिलकर रात्रि गश्त कर रहे हैं। जिला बिजनौर में 15 जनवरी को अफजलगढ़ के मानियावाला गांव में मीट कारोबारी अशरफ कुरैशी के यहां और 17 जनवरी की रात भोजपुरी क्षेत्र के मनोहरवाली गांव में अनीस अहमद और ओमप्रकाश के घरों में बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट की। इसके अलावा नजीबाबाद क्षेत्र में दो घरों और नांगल थाना क्षेत्र में कस्टम अधिकारी सहित तीन घरों में चोरी की वारदातें हुईं, जहां से लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चोरी हुई। पुलिस की नई रणनीति के तहत रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सिपाही से लेकर अधिकारी तक गश्त पर रहते हैं। जिला बिजनौर के हर थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान और अन्य जिम्मेदार ग्रामीण पूरी रात गश्त करते हैं। गांवों में रात के अंधेरे में डंडे लेकर गश्त करते लोगों से 'जागते रहो' की आवाजें गूंज रही हैं। पुलिस का मानना है कि तीन बड़ी लूट की वारदातें एक ही गिरोह ने अंजाम दी हैं। हालांकि अभी तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं, लेकिन पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई है।



## साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे में मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

## राज्य मंत्री ने सरदार बल्लभभाई पटेल प्रेक्षागृह में दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया







**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। उत्तर प्र**देश स्थापना दिवस के अवसर पर अजीत सिंह पाल, राज्य मंत्री, इलेक्ट्रानिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उ0प्र0 सरकार द्वारा सरदार बल्लभभाई पटेल प्रेक्षागृह में दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया ग?ा। मौके पर जनपद के जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी फतेहपुर व पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती पर भव्य समारोह आयोजित



**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। मंझनपुर मु**ख्यालय स्थित शुक्रवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में सेन, शर्मा, सविता समाज के लोग एकत्रित हुए। और इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर के योगदान और उनके संघर्ष को याद किया। समारोह की शुरूआत कपूर्री ठाकुर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने उनके जीवन, कार्यों और समाज के प्रति उनके योगदान पर गहरी चर्चा की। भारत रत्न कपूर्री ठाकुर, जिन्होंने सामाजिक न्याय और गरीबों के अधिकार के लिए निरंतर संघर्ष किया, एवं श्रद्धांजलि देने के लिए विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने कपूर्री ठाकुर के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक सुधारों और उनकी नीतियों की सराहना की। उनके योगदान के कारण ही बिहार राज्य के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव आए थे, इस बात को सभी ने माना।समारोह में मुख्य रूप से सतीश सेन, रवि सेन, दिलीप सेन, डॉ. वीरेंद्र सेन, महेंद्र सेन पत्रकार, नितेश सेन, राहुल सेन, दीपक सेन, सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कपूर्री ठाकुर जी की समाज सेवा की भावना और उनके द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा की। समारोह के दौरान आयोजकों ने कपूर्री ठाकुर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और उनके विचारों को जीवित रखने का संकल्प लिया।समारोह के अंत में एक अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मंझनपुर स्थित वृद्धाश्रम में फल और मिष्ठान वितरित किए गए। यह आयोजन कपूर्री ठाकुर के समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग के प्रति प्रेम और संवेदनशीलता को दशार्ता है। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को फल और मिष्ठान देने से उनका हौसला बढ़ा और आयोजकों द्वारा इस नेक कार्य को बहुत सराहा गया।समारोह का समापन कपूर्री ठाकुर के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लेकर हुआ। आयोजकों ने इस अवसर पर अपने सभी शुभचिंतकों और समाज के अन्य लोगों से अपील की कि वे कपूर्री ठाकुर के विचारों का पालन करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करें। भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की जयंती पर आयोजित यह भव्य समारोह न केवल उनकी याद दिलाने के लिए था, बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास भी था, जिससे समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दिया जा सके। उधर सपा कार्यालय में भी आयोजित कार्यक्रम हुआ।

## यातायात पुलिस द्वारा हाईवे पर विभिन्न स्थानों पर चलने वाले व उल्टा दिशा में चलने वाले वाहन की सघनता से चेकिंग की गयी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में *हाइवे पर सड़क दुर्घटनाओं को कम किए जाने के लिए चलाये जा रहे अभियान व राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (दिनांक 01.01.2025 से 31.01.2025 तक) के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालको को पम्पलेट देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया । यातायात प्रभारी लाल जी सविता एवं यातायात पुलिस द्वारा हाईवे पर विभिन्न स्थानों पर स्पीड रडार गन मशीन से निर्धारित गति से अधिक तीव्रगति से चलने वाले व उल्टा दिशा में चलने वाले वाहन की सघनता से चेकिंग की गयी तथा ट्रैक्टर ट्राली आदि माल वाहक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाये गये । भरी वाहनों, ट्रैक्टर ट्राली पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप न लगे होने, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहनों शराब पी कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों , बिना पार्किंग के हाईवे पर खड़े वाहनों ,दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट, बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर बिना सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चलाने वाले वाहनों की चेकिंग करते हुए *01 वाहनों से 1,500/- रुपये का शमन शुल्क व 57 वाहनों का चालान* किया गया।



## जनपद की शराब एवं भॉग की समस्त दुकानें 26 जनवरी को रहेंगी बंद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। जि**ला आबकारी अधिकारी राजेश प्रसाद ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश देशी शराब/विदेशी मदिरा एवं बियर का व्यवस्थापन नियमावली यथा संशोधित एवं उत्तर प्रदेश आबकारी लाइसेंस (टेण्डर एवं नीलाम) नियमावली-1991 (यथा संशोधित) के अनुपालन में जनपद-कौशाम्बी की देशी शराब/विदेशी मदिरा/बियर एवं भॉग तथा एफ0एल0-16/17 की समस्त दुकानें 26 जनवरी 2025 (गणतन्त्र दिवस) के अवसर पर पूर्ण रूप से बन्द रहेंगी। इस बन्दी के लिये अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा।

उन्होंने सभी आबकारी निरीक्षकों को आदेश का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें।

## चांदपुर पुलिस द्वारा 2 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस अ**धीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना चांदपुर पुलिस द्वारा 2 वारण्टी गंगाचरन निषाद पुत्र सरजू नि0 ग्राम ज्वालापुर (धाना) थाना चांदपुर व मनोज निषाद पुत्र स्व0 मनफूल निषाद नि0 ग्राम रिठवां मजरा धाना थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया ।

## वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। कप्तान** बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर संदीपन घाट पुलिस ने वारंटी की तलाश में एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना संदीपनघाट पुलिस उ०नि० अनुराग सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा डीपी एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त संजय कुमार पुत्र बंशी लाल नि० बड़ेगांव थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।





## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।**

**ज**नपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई. चेकिंग के दौरान दो पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 165 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 10 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशांबी। जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना करारी से 02, थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना सराय अकिल से 01, थाना चरवा से 01, थाना संदीपनघाट से 02, थाना कड़ाधाम से 02, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 01) कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

# इफको कॉर्डेट फूलपुर नैनो यूरिया की उपयोगिता को लेकर बुद्धजीवियों की गोष्ठी का आयोजन

मौजी लाल रावत
सबसे तेज प्रयागराज

**फूलपुर। इफको कार्डेट** फूलपुर में शुक्रवार को बुद्धजीवियों के लिए एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं महामंत्री के साथ कार्यकारणी सदस्यों एवं क्षेत्रीय पत्रकारों ने प्रतिभाग किया। उक्त कृषि गोष्ठी को संबोधित करते हुए इफको कार्डेट फूलपुर के प्रधानाचार्य डाक्टर हरिश्चंद्र ने कहा कि इफको कार्डेट किसानों के विकास एवं उनकी सेवाओं के लिए समर्पित है इसके जरिए किसानों को उन्नतिशील खेती करने के लिए देश एवं विदेशों के




किसानों को समय समय पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते है जिससे किसानों की आय दो गुना हो सके। उन्होंने इफको नैनो यूरिया एवं इफको नैनो डी ए पी की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए कहा कि इफको के प्रबंध निदेशक डाक्टर उदय शंकर अवस्थी के दूरदृष्टी सोच के जरिए देश में कृषि योग्य भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए केमिकल युक्ति उर्वरक की उपयोगिता कम करके नैनो यूरिया एवं नैनो डी ए पी के जरिए किसान अधिक उत्पादन बढ़ा सके इसके लिए जहां गांव गांव किसान गोष्ठी करके किसानों को जागरूक किया जा रहा है वही बुद्धिजीवियों के माध्यम से भी किसानों को जागरूक किया जाय इसी उद्देश्य से बुद्धिजीवी समाज को इसके लिए तैयार करना आवश्यक है।इस अनोखी पहल के जरिए कार्डेट, मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट के परिसर में इफको कर्मचारी संघ के सदस्यों एवं क्षेत्र के विभिन्न समाचार पत्रों के पत्रकार बंधुओ हेतु एकदिवसीय विशेष कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत कारडेट प्रधानाचार्य डॉक्टर हरिश्चंद्र ने इफको के नए उर्वरक नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी । साथ ही वर्तमान रवि फसलों में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के छिड़काव की भी जानकारी दी गई । इसके अतिरिक्त इफको कार्डेट द्वारा समन्वित ग्रामीण विकास योजनाओं पर बिस्तर से जानकारी दी गई।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कॉर्डेट मे गेहूं एवं सब्जियों की फसलों में नैनो उर्वरकों के प्रदर्शन का अवलोकन भी कराया गया। कार्यक्रम में इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पांडे महामंत्री विजय कुमार यादव सहित समस्त कार्यकारिणी के सदस्य ,कार्डेट के मुकेश तिवारी,सुमित कुमार एवं सम्मानित पत्रकारो में दयाशंकर त्रिपाठी, मौजी लाल रावत, हर्ष देव तिवारी, शरद कुमार चौरसिया,शिवबाबू चौरसिया ,विजय चंद विश्वकर्मा ,हरिओम प्रकाश,राजबहादुर यादव,सहित क्षेत्र के कई सम्मानित पत्रकार जन उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार, बाइक बरामद



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज । थाना माण्डा** पुलिस ने वांछित अभियुक्त सरताज पुत्र जान मोहम्मद निवासी ग्राम माण्डाखास थाना माण्डा प्रयागराज को गुरुवार को मस्तान शाह बाबा पहाड़ी के पास थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया।

घटना का संक्षिप्त विवरण

अवगत कराना है कि दिनांक 19.05.2023 को मुकदमा वादी अजय कुमार पुत्र रामदास मौर्या निवासी ग्राम बघौराखवासान थाना माण्डा प्रयागजराज (जो विकास खण्ड माण्डा में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत है) द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनांक 18.05.2023 को ग्राम भरारी में ड्यूटी करके अपने घर ग्राम बघौरा खवासान वापस जा रहा था, तभी आशीष शुक्ल व अपने घर के बीच में नहर के किनारे सड़क पर मोटर साइकिल खडी करके लघुशंका करने लगा । तभी वादी की मोटरसाइकिल को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया । जिसके सम्बन्ध में मुकदमा वादी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था । विवेचना के दौरान मुकदमे में प्रकाश मे आये अभियुक्त सरताज पुत्र जान मोहम्मद निवासी ग्राम माण्डाखास थाना माण्डा प्रयागराज को थाना माण्डा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया ।

## भारतीय किसान यूनियन की तिरंगा यात्रा 26 को

सबसे तेज प्रयागराज

**फूलपुर। भारतीय किसान** यूनियन टिकैत परिवार द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विगत दिनों से चल रहे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन के बाद भी सुनवाई न होने से नाराज किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने निर्णय लिया कि आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा को निकालकर सहसों ब्लॉक में महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में ट्रैक्टर रैली द्वारा किसानों को जागरूक करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मनमानी पूर्ण रवैया से अवगत कराया जाएगा। जो पाली ग्राम सभा से होते हुए बाबूगंज थाना पर होते हुए ब्लॉक में समाप्त होगी। तत्पश्चात खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौपां जाएगा। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से हर गोविंद यादव युवा तहसील अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष जियालाल अशोक कुमार मिश्रा जगराम पटेल राजेंद्र पटेल फूलन देवी उर्मिला देवी आदि लोग उपस्थित रहेंगे।

# अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ मंझनपुर ने दंगा नियंत्रण टीम संग किया गश्त

ब्यूरो चीफ
सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी। महाकुम्भ-2025** के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह व



क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा थाना मंझनपुर पुलिस व जोनल दंगा नियंत्रण टीम के साथ कस्बा मंझनपुर में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की गई। तथा आम जनमानस को भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया।

## पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार




**प्रयागराज। थाना** माण्डा पुलिस द्वारा द्वारा निर्गत एनबीडब्लू वारण्टी अभियुक्त शिवदास उर्फ ओंकारनाथ पुत्र राजाराम निवासी ग्राम तिसेनतुलापुर थाना माण्डा प्रयागराज को शुक्रवार को दिघिया थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

## प्रदर्शनी में विकास के साथ विरासत भी, लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का मिल रहा संदेश- संजय जाजू




सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुम्भ नगर। सू**चना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार के सचिव संजय जाजू ने गुरुवार को दिव्य -भव्य -डिजिटल एकता का महाकुंभ में भारत सरकार की दस साल की उपलब्धियों, लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों की जानकारी श्रद्धालु जन को देनें के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लगाई गयी डिजिटल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का संदेश पावन भूमि महाकुम्भ में पधारने वाले श्रद्धालु जन को प्रदान कर रही है। उन्होंने प्रदर्शनी में दृश्य -श्रव्य माध्यम से बतायी जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त किया और समुन्द्र मंथन के प्रतीकात्मतक स्टैच्यू की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में विकास के साथ विरासत भी है। सचिव संजय जाजू ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रदर्शनी पंडाल में लगायी गयी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप की डिजिटल प्रदर्शनी एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार एवं प्रकाशन विभाग के स्टाल का भी अवलोकन किया। प्रकाशन विभाग के स्टाल पर जब उनकी निगाह बाल भारती पत्रिका पर पड़ी तो उन्होंने पत्रिका को अपने हाथ में लेकर अपने बचपन की यादों को ताजा किया और साथ ऐसी पत्रिकाओं के हो रहे प्रकाशन पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने प्रदर्शनी में डिजिटल सेल्फी स्क्रीन पर सेल्फी लिया और दर्शकों को भी सेल्फी लेने के लिये प्रेरित किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो लखनऊ के निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने सचिव एवं अन्य गणमान्य जन का पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया और प्रदर्शनी की गतिविधियों की जानकारी प्रदान किया।

# पुलिस उपायुक्त ने रेलवे अफसरों के साथ किया निरीक्षण





सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। पुलिस** उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा ए0डी0आर0एम0 एन0आर0 लखनऊ व पुलिस, रेलवे के अन्य अधिकारियों के साथ महाकुम्भ-2025 के निर्विघ्न/सकुशल आयोजन के दौरान आगामी मौनी अमावस्या स्नान पर्व के दृष्टिगत फाफामऊ रेलवे स्टेशन प्रवेश, निकास द्वार, पार्किंग एरिया, होल्डिंग एरिया आदि का निरीक्षण किया गया एवं श्रद्धालुओं के सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु बैठक का आयोजन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## कबिरा खडा बाजार में मांगी सबकी खैर

### महेश्वर परिसर पंडाल में छाए संत कबीर



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। संस्कार** भारती द्वारा मेला क्षेत्र स्थित "महेश्वर परिसर पंडाल" में सद्गुरु कबीर पर कबीर-वाणी के साथ आख्यान कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।संस्कार भारती के केन्द्रीय कार्यालय सचिव अशोक तिवारी ने मुख्य अतिथि ऋषिकेश के स्वामी श्री महामण्डलेश्वर चरणाश्रृत महाराज एवं वक्ता श्रीकबीर आश्रम जामनगर गुजरात के साधु प्रेमसागर जगदीश दासजी का अंगवस्त्र से सम्मान किया।

प्रेमसागर ने कबीर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व का आख्यान करते हुए कबीर के अपने राम को आख्यायित किया और समरसता के भी दर्शन कराए। चरणाश्रृतजी ने भारतीय ग्रंथों में छिपे विज्ञान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ योगेन्द्र कुमार मिश्र ने किया।

कार्यक्रम में अभिजीत गोखले, विजय कुमार, दीपक शर्मा, सुशील राय, शम्भूनाथ श्रीवास्तव, चन्द्रमणि पाण्डेय, डाक्ट मुकेश प्रताप सिंह, कला संयोजक एवं मीडिया प्रभारी रवीन्द्र कुशवाहा, डॉ सचिन सैनी, आशुतोष त्रिपाठी अर्चना पांडेय, राहुल यादव, शीष कुशवाहा, पूनम राय, रेखा मिश्रा, सुरेश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## चार फर्जी बेवसाइड चल रही थी, एक पर केस दर्ज

सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। महाकुंभ में** साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा महाकुंभ 2025 पर्व के प्रतिष्ठा व गरिमा को बनाए रखने हेतु साइबर सुरक्षा को मजबूत करने तथा साइबर अपराध व साइबर अटैक से बचने के लिए जनपति साइबर सेल प्रतिबद्ध है द्वारा लगातार तथा निगरानी रखते हुए साइबर पेट्रोलिंग की जा रही है इसके संदर्भ में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं वर्तमान में चल रहे महाकुंभ के दौरान फर्जी वेबसाइट सोशल मीडिया पेज ओं के माध्यम से हेलीकॉप्टर राइड बुकिंग के नाम पर हो रहे साइबर फ्रॉड से श्रद्धालुओं को बचाने एवं उन्हें साइबर सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से साइबर क्राईम सेल द्वारा कर फर्जी वेबसाइटियों को टेक डाउन कराया जा चुका है जिसमें से एक फर्जी वेबसाइट के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराकर आवश्यक विधि कार्रवाई की जा रही है।

## महाकुंभ मेला में केंद्र शासित प्रदेश के यूटी पैवेलियन का भव्य उद्घाटन





सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। महाकुंभ मेला के पावन अवसर पर केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली** एवं दमन और दीव और लक्षद्वीप के यूटी पैवेलियन का भव्य उद्घाटन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यूटी पवेलियन केंद्र शासित राज्यों की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं एवं पिछले दशक में हुई अद्भुत प्रगति को प्रदर्शित करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व और प्रशासक प्रफुल्ल पटेल के समर्पित प्रयासों और उनके गतिशील नेतृत्व का यह परिणाम है कि केंद्र शासित प्रदेश के सतत विकास को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है जिससे क्षेत्र के नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। विशिष्ट अतिथि पुलिस आयुक्त तरुण बाबा ने कहा कि अप पवेलियन में पर्यटन सांस्कृतिक धरोहर स्थानीय शिल्प कला प्राकृतिक सौंदर्य और विभिन्न सरकारी विकास कार्य की झलक को प्रस्तुत करता है इसके अलावा यह दर्शकों को प्रदेश के अनूठी पहचान से भी परिचित कराता है। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के निदेशक विजय तेवतिया ने आयोजन की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# कक्षा नौ की छात्रा को लेकर फरार हुआ युवक

### दुष्कर्म कर बनाया विडियो ,करता रहा ब्लैकमेल

### धर्म परिवर्तन कर शादी न करने पर विडियो वायरल करने की देता था धमकी

### नवाबगंज थाना क्षेत्र से जुड़ा है मामला , पुलिस को दी तहरीर

सबसे तेज प्रयागराज

**लालगोपालगंज प्रयागराज** ।कक्षा 9 की किशरी को एक युवक लेकर फरार हो गया पहले उसके साथ बलात्कार किया और विडियो बना लिया फिर ब्लैकमेल कर उसके साथ बलात्कार करता रहा गुरुवार को वह किशोरी को बहला फुसला कर फरार हो गया ।स्थानीय कस्बा के एक पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया की बगल गाव का एक युवक उसकी नाबालिक बेटी को बहला फुसला कर अपने प्रेम जाल मे फसाकर उसके साथ बलात्कार किया और विडियो बना लिया उसके बाद आरोपी युवक किशोरी को धर्मपरिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने लगा ऐसा न करने पर विडियो वायरल करने की धमकी देता रहा पीड़िता ने पूरी घटना क्रम परिजनों को बताया तो वह सन्न रह गए पीड़ित पिता कुछ कर पाता इससे पहले आरोपी युवक लडकी को लेकर फरार हो गया काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता न चलने पर पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग किया है वही मामले मे स्थानीय चौकी प्रभारी विपिन कुमार पाल ने बताया की मामले को गंभीरता से लेते हुये पीड़ित के बताए स्थान पर जाच पड़ताल किया गया है जल्द ही आगे की कार्यवाही अमल मे लाई जा रही है ।

## स्कूटी और बस की सड़क हादसे में भीषण टक्कर, स्कूटी सवार महंत बुरी तरह घायल बस में लगी आग

सबसे तेज प्रयागराज



**बिजनौर! नूरपुर थाना** क्षेत्र के नूरपुर मुरादाबाद रोड पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में एक स्कूटी और एक रोडवेज बस की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद स्कूटी से उठी चिंगारी से बस में आग लग गई। इस हादसे में स्कूटी सवार महंत बुरी तरह घायल हो गए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में सवार यात्रियों ने अपनी जान बचाने के लिए बस से छलांग लगा लगाकर बचाई जान।

# राष्ट्रोत्कर्ष के पुरोधाओं को 'सनातन रत्न'

### - सेक्टर 16 में दंडी स्वामी नगर स्थित भूरा मठ में अभिनंदन समारोह का आयोजन



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज। सेक्टर** 16 में दंडी स्वामी नगर स्थित भूरा मठ में शुक्रवार को अखिल भारतीय दंडी स्वामी समाज एवं अखिल भारतीय सनातन धर्म संसद की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। यहां राष्ट्रोत्कर्ष पुरोधाओं को काशी सुमेरु पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने 'सनातन रत्न' से सम्मानित किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अलावा प्रमुख हीरा कारोबारी प्रवीण शंकर पांड्या और दिलीप कुमार लाखी और गोविंद भाई धोलखिया को सनातन रत्न से अलंकृत किया गया। दंडी स्वामी समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरविंद स्वामी जोशी ने बताया कि जोधपुर राजघराने के महाराजा गज सिंह और जयपुर राजघराने के महाराजा पद्मनाभ सिंह किन्हीं कारणों से नहीं आ सके। ऐसे में उनके प्रतिनिधि को यह सम्मान दिया गया। समारोह में स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ ज्योर्तिमठ अवांतर भानपुरा पीठ, अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री एवं गंगा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती, रंगमहल पीठाधीश्वर अयोध्या स्वामी रामरंगाचार्य जी, महामंडलेश्वर अंगद जी महराज, स्वामी ब्रह्माश्रम जी, स्वामी ब्रहमदेव आश्रम, दंडी स्वामी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी विमलदेव आश्रम, राष्ट्रीय महामंत्री विश्व स्वरूप स्वामी के अलावा प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी और अवधेश चंद्र गुप्ता भी शामिल रहे। इन सभी को कला, संस्कृति, परोपकार, हिंदुत्व दर्शन, पर्यावरण हरितक्रांति, गंगादिआदि मात्रि नदियों के संरक्षण, मठ-मंदिरों के संवर्धन करने वालों का अभिनंदन किया गया। अरविंद स्वामी जोशी ने बताया कि भारत रत्न और नोबेल पुरस्कार की तरह सनातन रत्न संत समाज द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

## साथियों के साथ बारात गये युवक की गोली मार कर हत्या

### पुलिस ने दो नामजद समेत छः के खिलाफ किया रिपोर्ट दर्ज

सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी। पिपरी थाना** क्षेत्र के लालापुर गांव में बारात आये युवक को गुरुवार की रात तमंचे से गोली मार दी। गोली युवक के पेट में लगी। गंभीर हालत मैं इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक के मौत की जानकारी पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन के तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत छः आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। चरवा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र नत्थूलाल के मुताबिक गुरुवार की रात लगभग आठ बजे गांव के ही सिराज पुत्र शबी अख्तर अपने साथी एयरपोर्ट कोतवाली के भगवतपुर गांव निवासी अनिल दुबे के साथ घर पहुंचा और उसके छोटे भाई सुनकर कुमार उम्र 20 वर्ष को कादिलपुर गांव बर्थडे में शामिल होने के लिए कहकर घर से बुला ले गया। रात करीब साढे.दस बजे सिराज ने फोनकर बताया कि पिपरी कोतवाली के लालापुर गांव के निमंत्रण में उसके भाई सुनील को किसी ने गोली मार दी। है। गंभीर हालत में वह सभी उसे चारपहिया वाहन के इलाज के लिये प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल लेकर आ रहे हैं। भाई वीरेंद्र अपनी बाइक लेकर कादिलपुर पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा और कार में बैठ कर घायल को एसआरएफ अस्पताल लेकर पहुंचा। थोड़ी देर में इलाज के दौरान डाक्टरों ने बताया कि सुनील की मौत हो कई है। युवक की मौत की जानकारी पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। भाई वीरेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने सिराज, अनिल समेत चार अज्ञात युवकों के खिलाफ हत्या समेत एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। इस संबंध में सीओ सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच की जा रही है।


## संगीत,नृत्य और संस्कृति का संगम : कलाग्राम में बही सांस्कृतिक बयार

सबसे तेज प्रयागराज



**प्रयागराज। महाकुंभ के** अवसर पर संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सांस्कृतिक कुंभ में शुक्रवार को कलाग्राम में लोकगीत, लोकनृत्य और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम ने श्रद्धालुओं और दर्शकों का दिल जीत लिया। गुजरात का डांडिया, रास-गरबा, राजस्थान का चरी, घूमर और पंजाब के भांगड़ा नृत्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नई ऊंचाइयों को छुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पंजाब से आए कलाकारों ने डफली, ढोल और तुनकार जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों पर भांगड़ा को पेश किया। इस शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों में ऊर्जा का संचार किया। इसके बाद राजस्थान से आए हिदेश एवं साथी कलाकारों ने गरबा, डांडिया नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झुमाया। नेहा वैष्णव एवं दल ने चरी, घूमर नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी। गोवा से आए दत्ताराम सावट ने घोड़े मोरनी तथा समई-देखड़ी नृत्य की प्रस्तुति देकर अपने सांस्कृतिक धरोहर का परिचय कराया। इसके बाद कोलकाता से आए विश्वदेव महतो एवं दल ने नटुआ नृत्य, पंजाभरी ने असम का डोमाही किकन नृत्य, उदय कुमार ने केरल का थेय्यम नृत्य प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ से आए कलाकारों ने गेंडी नृत्य तथा सुरेश भाई ने गुजरात का डांग नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को रोमांचित कर खूब तालियां बटोरी। संगीत आहूजा ने अवधी लोकगीत 'अवध में जनमे प्रभु श्रीराम बधावा लेकर आयी सखियां', 'कुंभ मेलवा का हमको घुमाओ पिया', 'आनंद मंगल गायो, आयोध्या में श्रीराम जी पधारे' जैसे गीत पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और भारतीय संगीत की उत्कृष्टता का परिचय दिया।

# भारतीय कंपनियां क्यों कर रही हैं ड्यूटी के घंटे बढ़ाने की वकालत



व्यापारिक कंपनियां निर्माताओं और खरीदारों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं। वे उत्पादों की सोर्सिंग और वितरण की सुविधा प्रदान करती हैं। वे अक्सर कई कारखानों से प्राप्त विविध उत्पाद सूची बनाये रखते हैं। वर्तमान में, चीनी उत्पादों ने भारतीय बाजार में बाढ़ ला दी है। भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र बाजार की जरूरतों के अनुरूप अद्वितीय उत्पाद बनाने के लिए इतना उत्सुक नहीं है।कॉरपोरेट क्षेत्र काम के घंटों में वृद्धि और उनके श्रम के मूल्य से असंगत कम वेतन देने की वकालत कर रहा है, जो एक भयावह संदेश देता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के चरित्र में बदलाव आ रहा है और यह पूंजीवादी औद्योगिक संबंध की रूपरेखा प्राप्त करने के लिए पूर्ण चक्र में आ गया है।भारतीय उद्योगों के कप्तान काम के घंटे बढ़ाकर 70 घंटे, और कुछ तो 90 घंटे तक करने की भी मांग कर रहे हैं। जाहिर है कि औद्योगिक इकाई के विकास के लिए श्रमिक को अपने पारिवारिक जीवन और अवकाश के समय का त्याग करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। यह देखना विडंबना है कि विनिर्माण में लगातार गिरावट आ रही है, प्रति प्रतिष्ठान सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 2022-23 की तुलना में 2023-24 में 6.7 प्रतिशत कम हो गया है, और इसी अवधि में प्रति श्रमिक जीवीए4.2 प्रतिशत कम हो गया है। असंगठित क्षेत्र के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) के एक तथ्य पत्रक के अनुसार, यह संगठनात्मक और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर कम उत्पादकता को दर्शाता है।भारतीय श्रम बाजार की हालत खराब है। यह विशेष रूप से युवा लोगों के बीच उच्च बेरोजगारी की गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 3.2प्रतिशत है। 15 से 29 वर्ष की आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 10.2प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में बेरोजगारी दर अधिक है। शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की बेरोजगारी दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है।जबकि पूंजीवादी देशों में आम तौर पर विकासशील देशों की तुलना में काम के घंटे कम होते हैं और हाल के वर्षों में उनमें से कुछ ने काम के घंटों को और भी कम कर दिया है,

भारतीय दिग्गज काम के घंटे बढ़ाने के लिए तरस रहे हैं। आय में वृद्धि के साथ विकसित या पूंजीवादी देशों में, श्रमिक अधिक अवकाश समय वहन कर सकते हैं। यह निश्चित रूप से भारत और उसके श्रम बल के मामले में नहीं है। अवकाश समय की अवधारणा एक विकृत विचार है। श्रमिकों को इसकी स्पष्ट समझ नहीं है।क्या इन मालिकों को लगता है कि काम के घंटे बढ़ाकर वे अपने मुनाफे को कई गुना बढ़ा सकते हैं? राष्ट्रीय आय और औसत काम के घंटों के बीच एक संबंध है। कॉर्पोरेट क्षेत्र ने व्यापार के प्रति अपना दृष्टिकोण बदल दिया है। यह विनिर्माण में बहुत अधिक पैसा निवेश करने को तैयार नहीं है। निर्माता तो कच्चे माल को तैयार उत्पादों में बदलने के पक्ष में हैं, तथा पूरे जीवनचक्र को सटीकता के साथ प्रबंधित करते हैं, जबकि व्यापारिक कंपनियां महत्वपूर्ण मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं, जो निर्माताओं और खरीदारों के बीच संबंधों को सुविधाजनक बनाती हैं। अत्यधिक विकसित राष्ट्र बनने की चाह में, कॉर्पोरेट क्षेत्र ने भी शॉर्टकट चुना है। विनिर्माण में निवेश करने के बजाय, यह व्यापार के माध्यम से लाभ कमाने के लिए प्रयासरत है।व्यापारिक कंपनियां निर्माताओं और खरीदारों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं। वे उत्पादों की सोर्सिंग और वितरण की सुविधा प्रदान करती हैं। वे अक्सर कई कारखानों से प्राप्त विविध उत्पाद सूची बनाये रखते हैं।

वर्तमान में, चीनी उत्पादों ने भारतीय बाजार में बाढ़ ला दी है। भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र बाजार की जरूरतों के अनुरूप अद्वितीय उत्पाद बनाने के लिए इतना उत्सुक नहीं है क्योंकि इसकी लागत बहुत अधिक है। लेकिन व्यापार के मामले में, लाभ काफी अधिक है और प्राथमिक लाभों में से एक विनिर्माण की तुलना में कम अग्रिम निवेश करना पड़ता है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में, सोर्सिंग और खरीद में लगे व्यवसायों के लिए निर्माताओं और व्यापारिक कंपनियों के बीच का अंतर महत्वपूर्ण है।

2019 में, भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने %भारत में समय का उपयोग- 2019% नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें एक चौंकाने वाली वास्तविकता सामने आई - 15-59 वर्ष की आयु के पुरुष शहरी कर्मचारी प्रतिदिन औसतन 521 मिनट या सप्ताह में 60 घंटे और 47 मिनट प्रत्यक्ष रोजगार और संबंधित गतिविधियों पर लगाते हैं। यह कानूनी रूप से निर्धारित 48 घंटे के कार्य सप्ताह के मिथक को ध्वस्त करता है। इसी तरह, इसी आयु वर्ग की ग्रामीण महिलाएं प्रतिदिन औसतन 13 घंटे वेतन और अवैतनिक काम पर बिताती हैं, जो उनके दैनिक जीवन की कठोर वास्तविकता को दर्शाता है।

फिर भी नरेंद्र मोदी की पूंजीवाद समर्थक सरकार ने अपने हितों को बढ़ावा देते हुए रिपोर्ट के निष्कर्षों को दबा दिया, जिसके परिणामस्वरूप इस पर राजनीतिक हलकों में चर्चा और बहस नहीं हो सकी। सबसे कपटी पहलू आईटी और संबंधित क्षेत्रों में वर्क-फ्रॉम-होम व्यवस्था का कार्यान्वयन है, जिसने कार्यदिवस को लगभग 24 घंटे तक बढ़ा दिया है। यह कर्मचारियों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ रहने की अनुमति देता है। लेकिन सच तो यह है कि वह अवकाश के विशेषाधिकार का आनंद नहीं ले सकता, क्योंकि उसे 24 घंटे सतर्क रहना पड़ता है। कुछ को छोड़कर जिन्होंने उत्पादन की नयी अवधारणाएंऔर विचार अपनाये हैं, अधिकांश अभी भी उत्पादन की पारंपरिक शैली का पालन करना पसंद करते हैं। वे तकनीकी नवाचार लाने के खिलाफ़ हैं जो काम को अधिक कुशल और उत्पादक बनाते हैं।

उद्योगपति श्रम शक्ति के उपयोग के दिशा-निर्देशों की अनदेखी करने के लिए बहुत इच्छुक हैं। हालांकि वे विनिर्माण और उत्पादन के पूंजीवादी तरीके का पालन करने का दावा करते हैं, लेकिन उनका रवैया पूरी तरह से सामंती है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) प्रति सप्ताह 48 घंटे से अधिक काम करने को अत्यधिक मानता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह स्वास्थ्य, सुरक्षा, उत्पादकता और कार्य-जीवन संतुलन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।

यहां तक कि श्रम अर्थशास्त्रियों को भी लगता है कि उत्पादन बढ़ाने के लिए काम के घंटे फायदेमंद होते हैं। थके हुए और थके हुए श्रमिक से उत्पादन बढ़ाने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

सीपीआई (एमएल) के सांसद राजा राम सिंह ने एक सप्ताह पहले केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया को पत्र लिखकर प्रमुख उद्योग नेताओं के हाल के बयानों पर चिंता व्यक्त की, जिसमें काम के घंटों को बढ़ाने की वकालत की गयी है, जिसमें श्रमिकों के लिए कानूनी रूप से अनिवार्य आठ घंटे के कार्यदिवस की सीमा का उल्लंघन करने के प्रस्ताव भी शामिल हैं। श्रम, कपड़ा और कौशल विकास पर स्थायी समिति के सदस्य सिंह ने श्रमिकों के लिए ड्यूटी घंटे और छह-दिवसीय कार्य सप्ताह को नियंत्रित करने वाले कानूनों को सख्ती से लागू करने के लिए कहा है। सिंह ने तर्क दिया कि यह एक तथ्य है कि लंबे कार्य घंटे उत्पादकता बढ़ाने के बजाय उसे कम करते हैं और यह श्रमिक के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

## कचरा समझ कर ना फेंकें खजूर के बीच, ऐसे करें इस्तेमाल



**खजूर जिसे सेहत का खजाना कहा जाता है, इसे नाश्ते के रूप में खाया जाता है, मिठाइयों में इस्तेमाल किया जाता है और ऊर्जा बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल किया जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि खजूर जितना फायदेमंद है, उतने ही उसके बीज भी यूजफुल हैं.**

खजूर का नाम सुनते ही हमारे मन में सेहत और स्वाद का ख्याल आता है. , जिसे ÷नेचर की कैंडी÷ भी कहा जाता है, पोषक तत्वों से भरपूर होता है और इसे ऊर्जा का बेहतरीन स्रोत माना जाता है. चाहे वो सर्दियों में शरीर को गर्मी देने का काम हो या मिठास से भरे किसी व्यंजन को तैयार करने का, खजूर हर जगह फिट बैठता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि खजूर जितना फायदेमंद है, उसके बीज भी उतने ही उपयोगी हो सकते हैं? हम में से ज्यादातर लोग खजूर खाने के बाद उसके बीजों को फेंक देते हैं.खजूर के बीज पोषक तत्वों और औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं, जिन्हें आप अपनी डेली लाइफ में कई तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं. इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि खजूर के बीजों का उपयोग कैसे किया जा सकता है और ये हमारे हेल्दी और रोजमर्रा के लाइफ के लिए कितने फायदेमंद साबित हो सकते हैं.

खजूर के बीजों का यूज

1. पाउडर बनाकर हेल्दी ड्रिंक के रूप में

खजूर के बीजों को सुखाकर और पीसकर पाउडर बनाया जा सकता है. इस पाउडर का उपयोग आप कॉफी जैसे ड्रिंक तैयार करने के लिए कर सकते हैं. ये कैफीन-फ्री होने के साथ-साथ एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है.

2. त्वचा और बालों की देखभाल में

खजूर के बीजों का पाउडर स्क्रब के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है. ये डेड स्किन को हटाकर त्वचा को चमकदार बनाता है. इसके तेल का उपयोग बालों को मजबूत बनाने और झड़ने से रोकने के लिए किया जा सकता है.

3. डाइजेशन के लिए फायदेमंद

खजूर के बीज में फाइबर की काफी ज्यादा होता है, जो पाचन तंत्र को हेल्दी रखने में मदद करता है. इसे पाउडर के रूप में सेवन करने से कब्ज जैसी समस्याओं में राहत मिलती है.

4. पौधों के लिए नैचुरल खाद

खजूर के बीजों को सूखाकर और पीसकर नैचुरल खाद के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है. ये मिट्टी की क्वालिटी को सुधारता है और पौधों के लिए जरूरी पोषक तत्व प्रदान करता है.

खजूर के बीजों के फायदे

एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर: खजूर के बीजों में शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं.

ब्लड शुगर नियंत्रण: ये ब्लड शुगर को संतुलित करने में मदद करता है और डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद हो सकता है.

इम्यूनिटी बूस्टर: इसके सेवन से डिजीज रेसिस्टेंस को मजबूत करता है.

दिल की सेहत के लिए अच्छा- खजूर के बीजों का पाउडर कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है.

कैसे तैयार करें खजूर के बीजों का पाउडर?

खजूर के बीजों को अच्छे से धोकर धूप में सुखा लें. सूखने के बाद उन्हें हल्का भून लें ताकि उनकी नमी पूरी तरह से निकल जाए. ठंडा होने पर इन बीजों को ग्राइंडर में पीसकर पाउडर बना लें. इस पाउडर को एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें.

## संपादकीय

# नये सिरे से संविधान की लड़ाई छेड़ती कांग्रेस

26 व 27 दिसम्बर, 2024 को कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस द्वारा आयोजित अधिवेशन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के कारण पहले दिन के बाद रद्द कर दिया गया था। लेकिन मंगलवार 21 जनवरी को कांग्रेस की ओर से उसी स्थल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण कर यह संदेश दिया गया है कि %जय बापू जय भीम जय संविधान% का जो नारा पार्टी ने दिया है, उसे वह कतई छोड़ने नहीं जा रही है बल्कि पहले के मुताबिक कहीं अधिक जोर-शोर से वह उठाएगी। यह अधिवेशन वहीं आयोजित किया गया था जहां इन्हीं तारीखों पर महात्मा गांधी ने कांग्रेस की अध्यक्षता की थी और वह उनके जीवन काल का एकमेव अधिवेशन था जिसमें उन्होंने यह महत्वपूर्ण दायित्व सम्हाला था। वह स्थल अब %सुवर्ण सौध% कहलाता है। उन्हीं क्षणों की याद में ठीक 100 वर्षों के बाद कर्नाटक कांग्रेस ने यह अधिवेशन आयोजित किया था ताकि उस ऐतिहासिक विरासत से सब अवगत हो सकें तथा गांधीवादी मूल्यों के लिये संगठन की लड़ाई को आगे बढ़ाया जा सके।हाल के वर्षों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिस प्रकार से संविधान को कमजोर किया गया है और उसकी ओर से संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर को अपमानित करने का काम हो रहा है, उसके खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई की शुरुआत बेलगावी से शुरू की गयी । कहा जा सकता है कि वह लड़ाई कांग्रेस न भूली है और न ही वह उसे छोड़ रही है। इसके विपरीत अब यह लड़ाई गांधी के साथ अंबेडकर तथा संविधान को बचाने की ही लड़ाई बन गयी है। इस लड़ाई का एक मोर्चा इसी माह की 27 तारीख को अंबेडकर के जन्म स्थान महू (मध्यप्रदेश) में खोला जायेगा जहां पार्टी एक बड़ा अधिवेशन करने जा रही है। इसमें कांग्रेस के तमाम बड़े नेता शामिल होने जा रहे हैं जहां से %जय बापू जय भीम जय संविधान% आंदोलन की विधिवत शुरुआत होगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल व प्रियंका गांधी के अलावा कांग्रेस कार्यसमिति (वर्किंग कमेटी) के सभी सदस्य, कांग्रेस शासित राज्यों के सारे मुख्यमंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री आदि इसमें शिरकत करने जा रहे हैं। एक तरह से इसे ही बेलगावी से छेड़े गये अभियान की नयी शुरुआत मानी जा रही है क्योंकि उसके साथ ही कांग्रेस के लोग संविधान बचाने का नारा लेकर देश भर में जायेंगे। देश के सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात फेरियां निकालेंगे और संविधान के महत्व से जनता को अवगत करायेंगे।बेलगावी तथा महू से उठने वाले स्वरों से भाजपा की बदहवासी अभी से दिखने लगी है क्योंकि पार्टी 24 या 25 जनवरी को मध्यप्रदेश में ही सम्मेलन कर कांग्रेस को जवाब देना चाहती है लेकिन अब तक उसकी न तो रूपरेखा बन पाई है और न ही उसका संदेश स्पष्ट हो पाया है। लोकसभा के पिछले सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जिस प्रकार से अंबेडकर का अपमान किया गया था, उससे देश भर में शाह के खिलाफ आक्रोश है। याद हो कि राज्य सभा में संविधान पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने कहा था कि, आजकल अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर कहना फैशन हो गया है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों पर तंज कसा था कि %यदि इतनी बार भगवान का नाम लिया जाये तो सात जन्मों का स्वर्ग मिल सकता है।% इसका कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष ने जमकर विरोध किया था तथा शाह से माफी और इस्तीफा देने की मांग की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मांग की गयी थी कि वे शाह को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करें। इसे लेकर देश भर में कई जगह पर प्रदर्शन हुए थे।संविधान को बचाने का मुद्दा अब कांग्रेस का प्रमुख मिशन बन चुका है जिसे लेकर वह भाजपा पर हमलावर है। लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा का लक्ष्य खुद के बलबूते 370 तथा अपने गठबन्धन (एनडीए) को मिलाकर 400 सीटें पाने का था। भाजपा के कई बड़े नेताओं तथा उम्मीदवारों ने साफ कहा था कि मोदी को इतने सांसद इसलिये चाहिये ताकि संविधान को बदला जा सके। इस मामले ने नतीजों को प्रभावित किया। ऐसा माना जाता है कि संविधान के जरिये लाभान्वित होकर विकास की मुख्य धारा में आने वाले कई वर्गों ने भाजपा विरोधी प्रत्याशियों को वोट नहीं दिया और आज लोकसभा में भाजपा-एनडीए की जो घटी हुई सीटें दिख रही हैं .

# महाकुंभ में मोनालिसा

## विश्वविख्यात चित्रकार लियोनार्दो द विंसी ने 16वीं सदी में एक तस्वीर बनाई थी, जो मोनालिसा के नाम से पूरी दुनिया में चर्चित हो गई



महाकुंभ के भव्य आयोजन के लिए करोड़ों-अरबों रूपयों का खर्च, वीआईपी सुविधा का ख्याल, विदेशी आंगतुकों को देखकर उपजा कौतुहल, नामी-गिरामी हस्तियों का महाकुंभ में आना, ऐसी खबरों को देखकर लगता है कि धर्म और आध्यात्म पर आखिर में सांसारिकता ही भारी पड़ रही है।विश्वविख्यात चित्रकार लियोनार्दो द विंसी ने 16वीं सदी में एक तस्वीर बनाई थी, जो मोनालिसा के नाम से पूरी दुनिया में चर्चित हो गई। तस्वीर में चित्रित नारी के चेहरे की रहस्यमयी मुस्कान आज भी लोगों को सम्मोहित करती है। मोनालिसा की पेंटिंग पर जितने शोध हुए, शायद ही किसी अन्य पेंटिंग पर हुए होंगे। इस पेंटिंग में जो नारी दिख रही है, क्या उसका असली नाम मोनालिसा ही है या कुछ और है। क्या वो फ्रांस के किसी व्यापारी की पत्नी है या इटली के किसी प्रांत से आई है, क्या लियोनार्दो ने खुद को ही नारी रूप में चित्रित किया है, ऐसे कई-कई सवाल इस पेंटिंग से जुड़े हैं और किसी का भी सटीक जवाब नहीं मिला। 16वीं सदी से चले आ रहे सवाल 21वीं सदी में भी कायम हैं और अब 21वीं सदी में भारत में एक नयी मोनालिसा चर्चा में आ गई हैं, जिससे कुछ और नए सवाल खड़े हो गए हैं।

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में धर्म-आध्यात्म से ज्यादा चर्चा चिमटे वाले बाबा, जटाओं वाली सुंदरी साध्वी, आईआईटी बाबा और माला बेचने वाली लड़की मोनालिसा की हो रही है। कत्थई चमकीली आंखों वाली मोनालिसा अपने परिवार के साथ मेले में माला बेचने आई थी, ताकि कुछ अतिरिक्त कमाई हो सके। लेकिन संगम में डुबकी लगाकर इहलोक-परलोक साधने की तमन्ना लिए आए बहुत से श्रद्धालुओं का ध्यान धर्म पर कम और मोनालिसा की आंखों पर अधिक रहा। रही-सही कसर सोशल मीडिया पर अतिसक्रिय जमात ने पूरी कर दी। मोनालिसा के नाम से सोशल मीडिया पर फेक एकाउंट बन गए और उनकी मर्जी लिए बगैर रील पर रील प्रसारित होने लगीं। सोशल मीडिया के जरिए मोनालिसा फिलहाल वायरल हो गई हैं, वायरल यानी मियादी बुखार, जो थोड़े वक्त बाद उतर ही जाएगा। मोनालिसा को इंटरनेट संसेशन इन दिनों कहा जा रहा है। संसेशन यानी सनसनी भी कुछ देर के बाद शांत हो ही जाएगी। वक्त के पन्नों को थोड़ा सा पलटेंगे तो ऐसे कई सनसनी मचाने वाले वीडियो याद आ जाएंगे, कभी व्हाय दिस कोलावेरी डी लोगों की जुबान पर चढ़ता है, कभी ये हमारी कार है, ये हम हैं और ये हमारी पार्टी हो रही है, की धूम मचती है, कभी प्रिया प्रकाश वारियर का वीडियो वायरल होता है, तो कभी यशराज मुखाटे का रसोड़े में कौन था, हिट हो जाता है। लोग भेड़ों में तब्दील हो रहे हैं, क्योंकि जमाना सोशल मीडिया की चाल पर चलने लगा है।सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर यानी अपनी रील्स या वीडियो से समाज को प्रभावित करने वाले लोग, यूट्यूबर्स, या कलाकार अपनी मर्जी से वीडियो बनाएं, प्रसारित करें, समाज की आलोचना या प्रशंसा का पात्र बनें, यह उनका अधिकार है, लेकिन महाकुंभ में आई एक मासूम लड़की को जिस तरह सोशल मीडिया की गिरफ्त में इस समय जकड़ा गया है, वह वाकई चिंताजनक है। जानकारी के मुताबिक मोनालिसा का परिवार मध्यप्रदेश के महेश्वर इलाके का है और उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। वर्ना महाकुंभ में रहकर मालाएं बेचने के लिए पूरे परिवार को नहीं आना पड़ता। मोनालिसा शायद शिक्षित भी नहीं है और उसकी उम्र 16 बरस के आसपास बताई जा रही है, अगर यह सही है तो मोनालिसा नाबालिग है। ऐसे में उसके वीडियो बनाना और उन्हें वायरल करना कानूनन सही नहीं है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग या महिला आयोग को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर इस पर आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसे किसी कदम की जानकारी सामने नहीं आई है। मोनालिसा के अब तक कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें बहुत से लोग उनसे बात करते हुए उसे रिकार्ड कर रहे हैं। कोई उनसे राजस्थान आने कह रहा है, कोई पूछ रहा है

कि आप फिल्मों में काम करना चाहती हैं क्या, कोई उनसे अंग्रेजी आती है या नहीं, पढ़ी-लिखी हो या नहीं, ऐसे सवाल कर रहा है।एक वीडियो में तो मोनालिसा एक ब्यूटी पार्लर में मेकअप कराती नजर आ रही हैं और उस पर भी लोग टिप्पणी कर रहे हैं। कोई कह रहा है कि सादगी में ही सुंदरता है, कोई बता रहा है कि मेकओवर अच्छा हुआ है। एक वीडियो मोनालिसा, उनके बड़े भाई और किसी पार्लर चलाने वाली महिला का है, जो बता रही हैं कि उनका असली इंस्टाग्राम अकाउंट कौन सा है और लोग नकली अकाउंट को फॉलो न करें। इन तमाम वीडियो में मोनालिसा सहजता से बात करती और मुस्कुराती दिख रही हैं, यह बहुत स्वाभाविक भी है, क्योंकि चकाचौंध में निज अधिकारों की बात कई बार हाशिए पर चली जाती है। लेकिन एक वीडियो ऐसा भी सामने आया, जिसमें मोनालिसा के घर वालों को उन्हें शॉल से ढंक कर शिविर के भीतर भेजना पड़ा ताकि लोगों की नजरों और बातों से उन्हें बचा सकें। इस वीडियो में एक महिला मोनालिसा के पास आने की कोशिश करते लोगों को हटा रही है। बीच में खबर आई कि मोनालिसा को वापस उनके घर भेज दिया गया। हालांकि उनके दादा ने बताया कि अभी वो प्रयागराज में ही हैं। उनके दादा ने इस बात पर चिंता जाहिर की कि इस अप्रत्याशित शोहरत के कारण उनका व्यापार ठप्प हो रहा है। कई लोगों से उधार लेकर इस परिवार ने सामान खरीदा था, ताकि महाकुंभ में बेच कर मुनाफा कमा सकें। मगर मोनालिसा का वायरल होना उन्हें दूसरे तरीके से भारी पड़ रहा है।मोनालिसा और उनका परिवार उनके जीवन में आए इस बदलाव को किस तरह से स्वीकारता है, संभालता है, महाकुंभ खत्म होने के साथ ही मोनालिसा की चर्चा भी क्या खत्म हो जाएगी, क्या कोई निर्माता-निर्देशक मोनालिसा को फिल्मों में काम करने का प्रस्ताव देगा, क्या बिग बॉस निर्माता अपने अगले संस्करण के लिए मोनालिसा के नाम पर विचार कर रहे हैं, ऐसे कई सवालों के जवाब वक्त देगा। लेकिन इनके बीच धर्म और आध्यात्म के झंडाबरदारों को विचार करना चाहिए कि क्या मोनालिसा जैसे प्रसंग महाकुंभ के महात्म्य को कम नहीं करते हैं। महाकुंभ के भव्य आयोजन के लिए करोड़ों-अरबों रूपयों का खर्च, वीआईपी सुविधा का ख्याल, विदेशी आंगतुकों को देखकर उपजा कौतुहल, नामी-गिरामी हस्तियों का महाकुंभ में आना, ऐसी खबरों को देखकर लगता है कि धर्म और आध्यात्म पर आखिर में सांसारिकता ही भारी पड़ रही है।

भगवान की भक्ति में रमने वालों को इस बात से क्यों फर्क पड़ना चाहिए कि कुंभ के लिए स्टीव जॉब्स की पत्नी अमेरिका से आई हैं या गौतम अडानी अपनी पत्नी के साथ भोजन परोस रहे हैं। भगवान के दरबार में तो सब एक समान होते हैं, लेकिन प्रयागराज में ऐसा होता नहीं दिख रहा। प्रयागराज में शोहरत की छीना-झपटी चल रही है। 144 बरसों बाद ग्रहों-नक्षत्रों के अनूठे संयोग में हो रहे महाकुंभ का महत्व भौतिक चकाचौंध में गुम हो रहा है।

# नेताजी की जयंती पर डीएम ने कहा- देश को आजाद कराने में नेताजी का योगदान अतुलनीय है

**आजमगढ़**

**जिलाधिकारी नवनी**त सिंह चहल द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं के अवसर पर हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ नेता जी के चित्र प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।




जिलाधिकारी ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयन्ती की शुभकामनायें दी तथा भारी संख्या में उपस्थित छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के दिन को पूरे भारत वर्ष में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता को बहाल करने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रयासों का सम्मान करने के लिए सरकार ने 2021 में घोषणा की, कि 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होने कहा कि उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में जो योगदान दिया गया, वो अतुलनीय है और एक तरफ नरम दल विनम्रता से ब्रिटिश सरकार के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई लड़ रहा था, दूसरी तरफ नेता जी का मानना था कि हमें अपनी बात को बड़ी मजबूती से रखना चाहिए और मजबूती से अपनी बात रखने का एक अलग महत्व होता है। सुभाष चंद्र बोस आई.एन.ए. के सुप्रीम कमांडर बने। भारतीयों तक स्वतंत्रता के महत्व को समझाने और अपने नजरिए को समझाने के लिए नेताजी ने जर्मनी में आजाद हिंद रेडियो की स्थापना की। साथ ही उन्होंने कई देशभक्ति के नारे दिए गए थे, जिनमें जय हिंद, दिल्ली चलो, और तुम मुझे खून दो, और मैं तुम्हें आजादी दूंगा शामिल हैं, जो आज भी भारतीयों के बीच गूंजते हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि 1943 में नेताजी ने सिंगापुर में आजाद हिंद फौज के गठन की घोषणा की। वे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह गए, जिसे जापानियों ने अंग्रेजों से छीन लिया था और वहाँ भारत का झंडा फहराया। नेता जी ने रानी झांसी रेजिमेन्ट की स्थापना की, जिसके माध्यम से महिलाओं को भी आजाद हिन्द फौज में शामिल किया। उस समय जो सबसे प्रतिष्ठित सेवा इण्डियन सिविल सर्विसेज थी, उसको उन्होने उत्तीर्ण किया तथा देश सेवा और देश की आजादी हेतु स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के कारण उन्होने भारतीय सिविल सर्विसेज की नौकरी छोड़ दी। उसके बाद उन्होने लगातार शीर्षस्थ नेताओं के साथ मिलकर स्वतंत्रता संग्राम को दिशा दी और हम सभी के लिए प्रेरणा के श्रोत बने। उन्होने कहा कि हम सभी को एवं समस्त छात्र/छात्राओं को नेता जी के जीवन व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर अपने देशहित में कार्य करना चाहिए और उनके द्वारा दिखाये गये रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नेता जी द्वारा भारतवर्ष के लिए देखे गये विजन को सकारात्मक दिशा देकर भी देश के प्रति कार्य करते हुए उनको याद किया जा सकता है।

इससे पूर्व कार्यक्रम के आरम्भ में सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा स्वागत गीत, सांस्कृतिक भजन एवं देशभक्ति गीत तथा राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आजमगढ़ की छात्रओं द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस पर आधारित भाषण एवं देशभक्ति गीत की प्रस्तुति की गयी। इसके साथ ही नेता जी सुभाष चन्द्र बोस पर आधारित लघु फिल्म की प्रस्तुति की गयी।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 आजाद भगत सिंह, मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज आजमगढ़ की छात्राएं एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## ट्रामा सेंटर का संचालन शुरू करने के लिए डीएम को दिया ज्ञापन



**गाजीपुर ।** शहर के गोराबाजार में स्थित नवनिर्मित ट्रामा सेंटर को चालू कराये जाने के सम्बन्ध में पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय के नेतृत्व में छात्रनेताओं का प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के नाम संबोधित पत्रक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी को सौंपा।पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने बताया कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को तत्काल बेहतर उपचार मुहैया कराने के उद्देश्य से शहर के गोराबाजार में ट्रामा सेंटर कि स्थापना कि गई, जो वर्ष 2021 में बनकर तैयार हो गया और कार्यदायी संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द कर दिया गया,परन्तु सीएमओ के लापरवाही से यह ट्रामा सेंटर विगत 4 वर्षों से औषधि भंडार केन्द्र बना हुआ है,जिससे ट्रामा सेंटर का लाभ नहीं मिल पाने के कारण जनपद में कोई दुर्घटना घटने पर दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को तत्काल बेहतर इलाज नहीं मिलने से या तो मौत हो जा रही या सीधे तौर पर उन्हें बीएचयू रेफर व प्राइवेट में महंगे इलाज कराने को विवश होना पड़ता है जो सरकार के बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था कि पोल खोल रहा है।पूर्व महामंत्री सुधांशु तिवारी ने बताया कि वर्ष 2021 से अब तक ट्रामा सेंटर के अभाव में हजारों मौत हो चुकी है।छात्र नेता आकाश चौधरी ने बताया कि कागजों पर ट्रामा सेंटर में डाक्टर और कर्मचारियों की तैनाती भी कर दी गई है लेकिन ट्रामा सेंटर के चालू न होने से सरकारी धन का दुरूपयोग हो रहा है ।छात्र नेता विकास यादव ने बताया कि सरकार की बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था की मंशा पर अधिकारी पानी फेर रहे हैं जिससे आमजन में रोष व्याप्त है।छात्र नेत्री प्रगति दूबे व आरती बिन्द ने जिलाधिकारी से निवेदन किया कि इस पत्र पर उचित कार्रवाई के साथ ही इस पत्र को उपमुख्यमंत्री तक पहुंचाये जिससे ट्रामा सेंटर चालू हो सके।

छात्र नेता प्रकाश राय व अश्विनी राय ने कहा कि यदि एक माह के अन्दर इस पत्र पर कारवाई करते हुए ट्रामा सेंटर चालू नहीं किया गया तो हम सभी छात्र नेता आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी सभी छात्र नेताओं ने पत्र में एक स्वर में उपमुख्यमंत्री से गंभीरता से विचार करते हुए यथाशीघ्र ट्रामा सेंटर चालू कराये जाने का निर्देश अधिकारियों को देने की मांग की। पत्रक सौंपने वालों में पूर्व पुस्तकालय मंत्री शिवम उपाध्याय, विकास तिवारी,निलेश बिन्द,प्रगति दूबे ,आरती बिन्द संतोष कुमार, अंकित भारद्वाज, शिवप्रकाश पाण्डेय, राहुल यादव,आकाश चौधरी,अनुज यादव, सत्येन्द्र यादव, प्रकाश राय,गौरव राय,विद्यांशु राय,आकाश गुप्ता,अभिनव कुमार, अश्वनी राय,आकाश चौधरी,आदित्य कुमार बिन्द, विकास सिंह यादव सहित सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

## तुम मुझे खून दो - मैं तुम्हें आजादी दूंगा" दिल्ली चलो और जय हिंद जैसे नारों से नेताजी ने भरी थी हुंकार

### सेनानी भवन में मनाई गई नेता जी की 128वीं जयंती, वक्ताओं ने अर्पित की है श्रद्धांजलि

**बहराइच।** स्थानीय सेनानी भवन सभागार में गुरुवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में राष्ट्र भक्तों ने नेता जी के बलिदान और उनकी अटूट देश भक्ति की सराहना की। सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के जिला संरक्षक एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र नायक नेता जी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में उड़ीसा के कटक में हुआ था। वो बाल्यकाल से ही मेधावी छात्र थे। विद्यालय काल से ही वो राष्ट्रवादी स्वभाव के लिए जाने जाते थे। विद्यालय शिक्षा के बाद उन्होंने कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में दाखिला लिया। लेकिन उग्रराष्ट्रवादी होने के आरोप में वो कॉलेज से निकाल दिए गए। " तुम मुझे खून दो - मैं तुम्हें आजादी दूंगा" दिल्ली चलो और जय हिंदी जैसे नारों से सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में नई जान फूंक दी थी । उनके भाषणों ने भारत को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया । प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश मिश्रा ने कहा कि नेता जी ने मातृभूमि को अंग्रेजों के चंगुल से मुक्त कराने के लिए अपनी सेना आजाद हिंद फौज बनाई। उन्होंने बर्लिन में फ्री इंडिया सेंटर की स्थापना की और आजाद हिंद रेडियो की शुरूआत की, वो श्रीमद भगवत गीता के उपासक थे । उन्होंने कहा था मेरे पास एक लक्ष्य है, जिसे मुझे हर हाल में पूरा करना है, मेरा जन्म उसी के लिए हुआ है, मुझे नैतिक विचारों की धारा में नहीं बहना है । 1939 में सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के भीतर एक गुट के रूप में उभार हुआ। और उन्होंने राजनीतिक दल फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की। जो वामपंथ से प्रभावित था । अधिवक्ता पवन शर्मा ने कहा कि नेता जी का कथन था कि स्वतंत्रता दी नहीं जाती - ली जाती है। वो 1924 में कलकत्ता नगर निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बने । वो 1921 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए । वो पूज्य बापू के समकालीन थे । तत्कालीन देश की सबसे बड़े पद आईसीएस की परीक्षा उन्होंने उत्तीर्ण की। फिर देश सेवा के लिए उन्होंने नौकरी से त्यागपत्र दिया । वो पूरे समय ब्रिटिश सरकार के आंखों की किरकिरी रहे। ऐसा माना जाता है कि 1945 में एक प्लेन दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। अंत में सभी उपस्थित देश प्रेमियों ने नेता जी के विश्वस्तर पर भारत की आजादी के प्रयासों और उनके अविस्मरणीय बलिदान की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम समाप्त किया । जयंती समारोह में देव मणि शुक्ल, अभिषेक द्विवेदी, मुकेश श्रीवास्तव, रामेंद्र कुमार मिश्र, पटेल मस्तराम वर्मा , डी एम त्रिपाठी, राम सजन तिवारी, अमर नाथ शुक्ल , यशवेंद्र यादव, सहित तमाम देश भक्त मौजूद रहे।

## अपने प्राणों का उत्सर्ग कर युवाओं के प्रेरणास्रोत बन गए क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह

### सेनानी भवन के सभागार में मनाई गई 133 वीं जयंती, वक्ताओं ने व्यक्तित्व और कृतित्व पर की चर्चा

**बहराइच। शहर के सेनानी** भवन सभागार में बुधवार को महान क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह की 133 वीं जयन्ती मनाई गई। कार्यक्रम में सेनानी उत्तराधिकारियों ने उनके मातृभूमि पर किये गये समर्पण की प्रशंसा की। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह का जीवन अदम्य साहस, त्याग व संघर्ष का प्रतीक था। काकोरी काण्ड के नायक के रूप में उनकी वीरगाथा समस्त देशवासियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। मां भारती की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले ठाकुर रोशन सिंह युगों युगों तक देश के युवाओं के प्रेरणास्रोत रहेंगे।

संगठन संरक्षक एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के क्रांतिकारी जनपद शाहजहांपुर में स्थित नबादा गांव में हुआ था वो राजपूत परिवार से थे उन्हें 1921-22 के पूज्य बापू महात्मा गांधी जी के असहयोग आन्दोलन के दौरान बरेली गोलीकांड मामले में सजा सुनाई गई थी उन्हें 19 दिसम्बर 1927 को इलाहाबाद के नैनी जेल में फांसी दी गई। ठाकुर रोशन सिंह एक प्रबल राष्ट्रवादी थे,जो भारत को ब्रिटिश उपनिवेशवादियों के चंगुल से मुक्त कराना चाहते थे। समाज सेवी करूणेश मिश्र ने कहा कि ठाकुर रोशन सिंह अपने हमजोली क्रांतिकारियों में सबसे ज्यादा उम्र के थे, और अनुभवशील व्यक्ति थे।19 दिसम्बर 1927 को तीन महान क्रांतिकारियों के साथ तीन विभिन्न जेलों में फांसी देने के क्रम में इस वीर सपूत को फांसी हुई।इन तीनों क्रांतिकारियों ने भारत के तमाम युवाओं के मन में देश पर मर मिटने का जज्बा पैदा किया, और धीरे धीरे देश का अहिंसक आंदोलन - क्रांतिकारियों की मंशा के अनुरूप आगे बढ़ने लगा। कार्यक्रम में देशप्रेमियों ने ठाकुर रोशन सिंह को श्रद्धांजलि पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके आचरण और देश भक्ति से प्रेरित होने के संकल्प के साथ कार्यक्रम समाप्त किया। कार्यक्रम में राकेश मिश्रा,फहीम बेग,पवन सिंह, अभिषेक द्विवेदी,जगतराम यादव, आयुष्मान, दिनेश मिश्र सहित तमाम देश भक्त मौजूद रहे।

## सॉलिटेयर वैली के पूल में उतराता मिला अज्ञात अधेड़ का शव

### एयरपोर्ट क्षेत्र के जलालप घोसी के समीप की घटना

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। एयरपोर्ट कोत**वाली क्षेत्रों के जलालपुर घोसी गांव के समीप सॉलिटेयर वैली कालोनी के बाहर बने पूल में शुक्रवार की सुबह एक अधेड़ का शव उतराता हुआ मिला। शव मिलने की जानकारी के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश की पहचान कराने का प्रयास किया। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

जलालपुर घोसी गांव के समीप स्थित ससुर खदेरी नदी के पुल के पास सॉलिटेयर वैली कालोनी की गेट के समीप डेकोरेशन के लिए एक पूल में फौवरा बनाया गया है। जिसमें पानी भरा है। सुबह गेट पर तैनात गार्ड ने पानी भरे पूल में एक 50 वर्षीय अधेड़ की लाश देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी। जिसके बाद कालोनी और स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लाश हरे रंग की शर्ट, लाल और काले रंग की जैकेट, नीला जींस पहने हुआ था । एक पैर में चप्पल थी। लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू किया। कालोनी के जीएम अभिनव वाजपेई ने बताया कि कालोनी में कुल 300 के करीब लोग रहते हैं। सुरक्षा में दिन और रात्रि को पांच - पांच गार्ड लगाए जाते हैं। जिसमें से दो कालोनी के अंदर एक गेट की इंट्री जबकि दो गार्ड रनिंग पर रहते हैं। गेट के बाहर लाइट धीमी रहती है । कैमरा भी बाहर की तरफ नहीं लगा है । जिसके चलते गार्ड को अधेड़ के पानी भरे पूल में कैसे पहुंचा इसकी जानकारी नहीं है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह का कहना है कि लाश के पास कोई परिचय पत्र नहीं मिले। कहीं चोट के निशान भी नहीं है। जिसके चलते प्रथम दृष्टया पूल में गिरने से मौत हुई है। लिहाजा शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि पहचान नहीं होती तो नियमित कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उसके बाद रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## कुठौंद क्षेत्र रूरा के पास नहर में तीन गाय मिली पानी में तैरती हुई

**कुठौंद जालौन,वि**कासखंड कुठौद के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत धरमपुरा बरेला के मजरा रूरा की नहर में तीन मृत गौबंशो को ग्रामीणों द्वारा पानी में तैरते हुए देखा गया जिसकी सूचना गौमाता गौरक्षा सेवा मंच को दी गई जिसमें तत्काल प्रदेशध्यक्ष रामजी व्यास गौ सेवक अमन बाथम,अतर सिंह, रामपाल सिंह सेंगर के साथ मौके पर पहुचे गौ सेबको ने खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह को जानकारी दी उन्होंने तत्काल ग्राम विकास अधिकारी शिवम गुप्ता को मौके पर भेजा यह घटना सुबह 9 बजे की है मौके पर पहुंचकर ग्राम विकास अधिकारी शिवम गुप्ता ने तत्काल जेसीबी मशीन मंगा कर गोवंशों को नहर से बाहर निकलवाया तथा हिंदू रीति रिवाज के अनुसार तीनों गौ माता का दाह संस्कार किया गया जबकि जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडे के कड़े आदेश होंने के बाबजूद भी पचास प्रतिशत गौशालाओं की स्थिति जिम्मेदारो की लापरवाही के कारण बहुत ही दुखद हैं जो देखी नहीं जा सकती।

## मैरिज लॉन में लगी आग से हड़कंप, टेंट और दहेज का सामान जल कर राख

**बहराइच। शहर** के एक मैरिज लॉन में शादी समारोह के दूसरे विवाह दिन लाउडस्पीकर पे लगी आग से टेंट और दहेज का तमाम सामान जल गया । सूचना पर अग्निशमन दल ने मौके पर पहुँच कर आग पर काबू किया। शहर के कोतवाली देहात क्षेत्र अन्तर्गत बहराइच -लखनऊ मार्ग पर बंजारी मोड़ के पास विजय उत्सव मैरिज लॉन में आग लगने से काफी सामान जल कर नष्ट हो गया। बताते हैं कि गुरुवार को तडके लगभग चार बजे मैरिज लान में आग लग गई । किसी ने इसकी सूचना अग्निशमन कार्यालय को दी ।अग्निशमन अधिकारी विशाल रामानुज गौड़ ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल कर्मी सूर्य प्रकाश यादव, दशरथ गौतम, अवनीश चौहान और वाहन चालक राम अभिलाष तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई । उन्होने बताया कि आग सबसे पहले लाउडस्पीकर से लगी। इसके बाद टेंट आग की चपेट में आ गया ।और फिर?आग से दहेज का फर्नीचर व अन्य सामान भी राख हो गया। आग लगने से लान में हड़कंप मच गया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि विजय उत्सव लान में विभाग का एनओसी नहीं है। इसके लिए नोटिस जारी किया गया था। लगभग 15 दिन में एनओसी जारी हो जाएगी और फायर सिलेंडर भी लगाए जाएंगे।

## डिजिटल वारियर अभियान के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित की गई कार्यशाला

**बहराइच।** यूपी पुलिस के ह्लडिजिटल वॉरियरह्व अभियान के अन्तर्गत साइबर थाना पुलिस द्वारा फेक न्यूज व साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने हेतु सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन* पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर थाना के निरीक्षक कुलदीप त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, राजू सिंह, महिला आरक्षी रीना शुक्ला, कांस्टेबल राहुल यादव द्वारा "डिजिटल वॉरियर" अभियान के अंतर्गत युवाओं को फेक न्यूज और साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने हेतु सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सूफीपुरा बहराइच में एक महत्वपूर्ण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उल्लेखनीय है कि जनपद के विभिन्न शिक्षण सस्थानों में साइबर क्राइम के प्रति जागरुक करने हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को फेक न्यूज के खण्डन, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता व सोशल मीडिया पर पुलिस के अच्छे कार्यों को प्रचारित करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को डिजिटल वॉरियर बनने के लिए फॉर्म वितरित किए गए जिससे कि वह इस अभियान का हिस्सा बन सकें और साइबर क्राइम व फेक न्यूज के खिलाफ सक्रिय रूप से काम कर सकें। छात्रों को साइबर अपराधों और फेक न्यूज की रिपोर्टिंग के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें अपने परिवार, मित्रों, इन्फ्लुएन्सर्स को इन अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही युवाओं को इस अभियान में भागीदारी के लिए उत्साहित करते हुए उन्हें सोशल मीडिया पर "डिजिटल वॉरियर" के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित डिजिटल वॉरियर अभियान का उद्देश्य फेक न्यूज को फैलने से रोकना, साइबर अपराधों को कम करना और महिला सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

## सायमा अजीम ने गाजीपुर का किया नाम रौशन

**गाजीपुर।** जनपद के साथ साथ पखनपुरा गांव के लिए बड़े ही प्रशंसा और गर्व की बात है कि सायमा अजीम को ताइवान विश्वविद्यालय से पीएचडी की डिग्री मिली है। वह लैब से स्नातक करने वाली पहली अंतर्राष्ट्रीय और लैब से स्नातक करने वाली पहली भारतीय मुस्लिम हैं। वह न्यूरोसाइंस से स्नातक करने वाली पहली भारतीय मुस्लिम हैं और इस कार्यक्रम में दुनिया भर में एकमात्र मुस्लिम लड़की हैं (अब 12 साल हो गए हैं)। यह दुर्लभतम पीएचडी डिग्री है।बताते चलें कि प्रोफेसर डॉ एमएन हक और तबस्सुम नसीम की बेटी है और पखनपुरा, गाजीपुर, यूपी के गांव की रहने वाली हैं। इस बाबत प्रोफेसर पिता से बात करने पर उन्होंने बताया की बेटी ने जिले के साथ-साथ प्रदेश और देश का मान बढ़ाया है हमे बेटी पर नाज है। उन्होंने यह भी कहा कि बेटियों को जरूर पढ़ाऐं।

## दो बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी। कोखराज था**ना के चौराहे समीप बाइक से बाइक में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम उलाचीपुर व ग्राम कोखराज के दोनों बाइक चालक शुक्रवार को आपस में टकरा गए हैं जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं मौके पर थाना कोखराज पुलिस ने पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस 108 के द्वारा आसपास के लोगों की मदद से नजदीकी मूरतगंज सरकारी अस्पताल में भेज दिया और थाना पुलिस दोनों बाइक को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

## आरक्षण के मुद्दे को हल करवाने के लिए किसी भी बलिदान को तैयार है : डॉ संजय निषाद

**बहराइच। नि**र्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल ह्लनिषाद पार्टीह्व के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा का जनपद बहराइच में पहुँचने पर निषाद/मछुआ समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। निषाद पार्टी-राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार कुमार निषाद के नेतृत्व में यात्रा आज जनपद के निरीक्षण भवन से गुरु नानक चौक, टिकोरा मोड़, मरौचा बाजर, फखरपुर, पारले मिल चौराहा से बाबूराम पालेसर चौराहा, निषाद राज मंदिर में जनसभा, कैसरगंज तहसील मुख्यालय से जरवल, बाबा कुटिया से धनराजपुर, सोनारी चौराहा से गंडारा, गौड़ मझला से कटक मरौठा, संन्यासी चौराहा से भगड़वा बाजार, यादवपुर मंगलपुर पूरवा, सिरौला चौराहा से हुजूरपुर चौराहा व भंगहा मोड़ से भंगहा जनसभा के पश्चात समापन किया गया।

## नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर सड़क सुरक्षा को लेकर निकली जागरूकता रैली

**बहराइच। महि**ला पीजी कॉलेज में गुरुवार को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता लाने हेतु इन्दिरा स्टेडियम में मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी को ड्राइविंग के नियमों का पालन करने, तेज रफ्तार व गलत दिशा में वाहन नही चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नही करने आदि सड़क सुरक्षा की शपथ लोगों को दिलाई।कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी , सड़क सुरक्षा प्रभारी आकांक्षा पटेल , डॉ श्याम कुमार चौधरी, डॉ कमर जहां,डॉ रीमा शुक्ला, खुशबू, जगदम्बा प्रसाद , कॉलेज कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।इसी क्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ प्रिया मुखर्जी द्वारा जिले स्तर पर आयोजित ताइक्वांडो विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जिसमें साक्षी श्रीवास्तव और रुखसाना को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।इस मौके पर क्रीड़ा प्रभारी आकांक्षा पटेल, ताइक्वांडो कोच इसरार अली शिवम डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।



## काठमांडू से ढाका जा रहे कोलकाता के मोहम्मद निजामुद्दीन दो एयरगन के साथ गिरफ्तार

एजेंसी

**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अंतराष्ट्रीय विमानस्थल से कोलकाता निवासी एक भारतीय नागरिक को दो एयरगन सहित गिरफ्तार किया है। हिमालय एयरलाइंस से काठमांडू से ढाका के तरफ जा रहे 43 वर्षीय मोहम्मद निजामुद्दीन को हिरासत में लिया गया है। उनके हैंडबैग से पुलिस ने दो एयरगन बरामद किया है। विमानस्थल के सुरक्षा प्रमुख एसएसपी सोमेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि काठमांडू से काठमांडू से ढाका के तरफ जा रहे विमान संख्या एच-9 678 के यात्री मोहम्मद निजामुद्दीन को हिरासत में रखा गया है। राठौड़ के मुताबिक निजामुद्दीन के हैंड बैग से दो एयरगन मिलने से कुछ समय के लिए विमानस्थल में सुरक्षा को लेकर हड़कंप मच गया था। पुलिस ने उस विमान से ढाका के तरफ जा रहे बाकी अन्य यात्रियों को फिर से तलाशी ली गई थी। पुलिस को कुछ देर तक विमान अपहरण करने की योजना होने की आशंका थी। विमानस्थल से हिरासत में लिए गए निजामुद्दीन को फिलहाल काठमांडू के क्राइम ब्रांच में रख कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक उसके नेपाल में रहे पहचान के लोगों के बारे में जानकारी इकट्ठा की जा रही है।

## दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षामंत्री किम योंग-ह्यून ने मार्शल लॉ की जिम्मेदारी ली

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षामंत्री किम योंग-ह्यून ने आज संवैधानिक न्यायालय में गवाही के दौरान मार्शल लॉ की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि वह तीन दिसंबर को राष्ट्रपति यून सुक येओल की मार्शल लॉ घोषणा की जिम्मेदारी लेते हैं। उन्होंने दावा किया, मैंने आपातकालीन सैन्य शासन की सिफारिश की और इसके कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, ह्यून ने यह भी दावा किया कि येओल की मार्शल लॉ घोषणा से ठीक पहले हुई बैठक में कम से कम एक कैबिनेट सदस्य ने मार्शल लॉ की योजना के लिए समर्थन व्यक्त किया था। संवैधानिक न्यायालय में येओल के खिलाफ महाभियोग की सुनवाई में गवाह के रूप में उपस्थित होने वाले किम ने कहा, 'मैंने कथित तौर पर मार्शल लॉ के तहत एक आपातकालीन विधायी निकाय की स्थापना के लिए एक विवादास्पद नोट लिखा था।'उन्होंने कहा कि यह नोट कैबिनेट बैठक में तत्कालीन वित्तमंत्री चोई संग-मोक को दिया गया था।

## संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन सीरिया पहुंचे, कहा- संकल्प '2254' का अब कोई मतलब नहीं

**दमिश्क।** सीरिया की यात्रा पर पहुंचे संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन ने संकेत दिए हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र संकल्प '2254' के विकल्प के रूप में एक नया प्रस्ताव जारी कर सकती है। उन्होंने कहा कि सीरिया के मौजूदा हालात में इस संकल्प का कोई मतलब नहीं रह गया है। सीरिया में संयुक्त राष्ट्र के दूत गीर पेडरसन ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित किया। इस दौरान भी उन्होंने यही बात कही। अरबी न्यूज वेबसाइट 963+ के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के नया प्रस्ताव जारी करने में कुछ समय लग सकता है। इसमें कितना समय लगेगा, यह पूरी तरह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर निर्भर है। सीरिया की यात्रा के दौरान पेडरसन ने नए सीरियाई प्रशासन के प्रमुख अहमद अल-शरा और विदेश मामलों के मंत्री असद अल-शैबानी से मुलाकात की है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 2015 में संकल्प '2254' जारी किया था। उन्होंने कहा कि तब सीरिया में हालात बहुत अलग थे। अब परिस्थियां बदल चुकी हैं। लगभग डेढ़ महीने पहले गीर पेडरसन ने माना था कि संकल्प में निर्दिष्ट पार्टियों में से एक को उखाड़ फेंकने के बाद सीरिया के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संकल्प '2254' को लागू करना अब तकनीकी रूप से संभव नहीं है। पूर्व सीरियाई शासन के पतन के बाद गीर पेडरसन पहली बार दमिश्क पहुंचे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने उन्हें 2018 में सीरिया के लिए विशेष दूत नियुक्त किया था। उन्होंने स्टाफन डी मिस्तुरा की जगह ली थी।

## पाकिस्तान की संघीय सरकार पर छह अरब के वाहन खरीद सौदे पर सवाल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संघीय सरकार पर छह अरब रुपये के वाहन खरीद सौदे पर 'बड़ा' सवाल उठा है। इस सौदे के तहत 1,010 वाहनों की खरीद संघीय राजस्व बोर्ड (एफबीआर) के लिए की जानी है। इस संबंध में तीन अरब रुपये का अग्रिम भुगतान किया जा चुका है। वित्त और राजस्व पर सीनेट की स्थायी समिति के अध्यक्ष सीनेटर सलीम मांडवीवाला ने वित्तमंत्री मोहम्मद औरंगजेब से इस खरीद को तत्काल निलंबित करने का आग्रह किया है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, सीनेटर सलीम मांडवीवाला ने 22 जनवरी को मोहम्मद औरंगजेब को लिखे पत्र की प्रति प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और एफबीआर के अध्यक्ष राशिद महमूद लांगरियाल को भी भेजी हैं। सीनेटर मांडवीवाला ने खरीद प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इस बात पर जोर दिया कि खरीद प्रक्रिया पर संदेह की उंगली उठी है। इसलिए इसकी समीक्षा की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि इस सौदे के लिए सीनेट निकाय एफबीआर के कदम की आलोचना कर चुका है।

# पाकिस्तान में स्वतंत्र पत्रकारिता करना मुश्किल, मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट में दावा

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान में स्वतंत्र पत्रकारिता की राह और मुश्किल हो गई है। स्वतंत्र पत्रकारिता के पक्षधर मीडिया आउटलेट्स को कड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात बेमानी हो जाती है। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) की ताजा रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने पिछले दो वर्षों के दौरान देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट पत्रकार माहिम माहेर के शोध पर आधारित है। इसमें मीडिया के सामने मुश्किलें खड़ी कर रहे अपवित्र गठबंधनों की भी चर्चा की गई है। इस रिपोर्ट में अप्रैल 2022 में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ पारित अविश्वास प्रस्ताव के बाद से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बिगड़ती स्थिति का विस्तृत विवरण है। रिपोर्ट में मीडिया के कुछ वर्गों पर कड़े प्रतिबंध और



दूसरों के लिए उदारता पर चिंता व्यक्त की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फंदा निस्संदेह कड़ा हो गया है। एक पत्रकार की हत्या और अन्य को जबरन गायब कर भय पैदा किया गया। सोची-समझी प्रेस सलाह और डिजिटल स्वतंत्रता को नियंत्रित करने के कानूनी बदलाव मुल्क में स्वतंत्र पत्रकारिता की राह में रोड़ा खड़ कर रहे हैं।एचआरसीपी की रिपोर्ट में कहा गया है कि मुल्क में सेंसरशिप के बढ़ते खतरे के बीच डिजिटल मीडिया फिलहाल खुलकर लिख रहा है। इस बीच बड़े मीडिया घरानों में भरोसे की कमी का फायदा सत्ता प्रतिष्ठान ने जमकर उठाया है। यह रिपोर्ट एक ऐसे राष्ट्र की गंभीर तस्वीर पेश करती है जहां कानूनी, संस्थागत और गुप्त दबावों के संयोजन से बोलने की आजादी को खत्म कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे चिंताजनक निष्कर्षों में से एक सॉफ्टवेयर अपडेट का बढ़ना है।यह शब्द पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अपहरण, पूछताछ और जबरदस्ती अनुपालन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। सॉफ्टवेयर अपडेट के परिणामस्वरूप अकसर जबरन स्वीकारोक्ति कराई जाती है। इसका मकसद ईमानदार पत्रकारों को उनकी भूमिकाओं से अलग करना होता है। जोर-जुल्म की वजह से वह अपना काम स्वतंत्र रूप से जारी रखने में असमर्थ हो जाते हैं। 2024 के आम चुनाव सही रिपोर्टिंग मीडिया कवरेज पर अभूतपूर्व प्रतिबंधों के कारण बाधित हुई। एचआरसीपी के अनुसार, पत्रकारों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि वह इमरान खान या उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का नाम लेने से बचें। न्यूज रूम के एक कर्मचारी ने तीन मिनट की एक संक्षिप्त बैठक के बारे में बताया कि संघीय सरकार के प्रतिनिधियों ने आदेश दिया था कि इमरान खान का नाम ऑन एयर नहीं लिया जाएगा। इस रिपोर्ट में 2022 में केन्या में एआरवाई के पत्रकार अरशद शरीफ की हत्या पर चिंता जताई गई है। इसमें कहा गया है कि इससे समाचार कक्षों में डर व्याप्त हो गया।पत्रकारों ने बचने के लिए बीच का रास्ता अपना लिया।

## नेपाल-भारत परियोजना समीक्षा बैठक के लिए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों का नेपाल दौरा



एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल भारत के बीच चल रहे विभिन्न परियोजना की समीक्षा के लिए भारतीय विदेश मंत्रालय का एक प्रतिनिधिमंडल तीन दिनों के नेपाल दौरे पर काठमांडू पहुंचने वाला है। भारतीय विदेश मंत्रालय में नेपाल डेस्क के प्रभारी अतिरिक्त सचिव मनु महवार 26 जनवरी से तीन दिनों के नेपाल दौरे पर काठमांडू पहुंचने वाले हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक महवार के नेतृत्व में आ रहे प्रतिनिधिमंडल में ऊर्जा मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, सड़क परिवहन मंत्रालय, पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारी मौजूद रहने वाले हैं। अतिरिक्त सचिव मनु महवार की नेपाल डेस्क इंचार्ज बनने के बाद यह पहला नेपाल दौरा है। नवंबर के मॉरीशस के राजदूत का तीन वर्षों का कार्यकाल पूरा करने के बाद महवार इस समय नेपाल भूटान के उत्तरी डेस्क के प्रभारी बने हैं। नेपाल में भारत के आर्थिक सहयोग से चलने वाले कई परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। नेपाल भ्रमण के दौरान हाइड्रो पावर परियोजना, अंतर्देशीय पेट्रोलियम पाइपलाइन परियोजना, इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट, ड्राईपोर्ट, रेलवे, दोनों देशों को जोड़ने वाली मोटरेबल पुल निर्माण कार्यों की समीक्षा किए जाने की जानकारी दी गई है।

## काठमांडू के मेयर ने ठमेल में चाइनीज नए साल का जश्न मनाने के लिए नहीं दी इजाजत

एजेंसी

**काठमांडू।** चार दशकों से भी अधिक समय से काठमांडू में पर्यटन उद्योग का केंद्र रहे राजधानी के वाणिज्यिक उपक्षेत्र ठमेल में चीनी नए वर्ष का जश्न मनाने की इजाजत नहीं दी गई है। इसके अलावा काठमांडू के मेयर ने पूरे ठमेल क्षेत्र को चाइनीज लालटेन से सजाने की अनुमति देने से भी इनकार कर दिया है। चीनी दूतावास की तरफ से चाइनीज नए साल का जश्न मनाने के लिए काठमांडू के सबसे बड़े पर्यटकीय क्षेत्र ठमेल में कार्यक्रम आयोजन करने की अनुमति मांगी थी, जिसकी अनुमति देने से काठमांडू के मेयर ने इंकार कर दिया है। चीनी दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन की तरफ से काठमांडू महानगरपालिका को पत्र लिखकर ठमेल में 26 जनवरी से 25 फरवरी तक स्प्रिंग



फेस्टिवल 2025 के आयोजन लिए स्थान उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। चाइनीज दूतावास ने अपने पत्र में कार्यक्रम के लिए स्थान के अलावा सुरक्षा, पार्किंग, बिजली, यातायात की व्यवस्था करने की बात उल्लेख की थी। इसके जवाब में काठमांडू के मेयर ने कहा कि ठमेल में कार्यक्रम करने के बजाए चाइनीज दूतावास को काठमांडू के रिंगरोड के उस हिस्से में करना चाहिए, जिसकी जिम्मेदारी 10 वर्षों से चीन के पास ही है। मेयर बालेन शाह ने यह भी लिखा है कि 10 वर्षों से उस सड़क पर काठमांडू के लोग दिक्कत का सामना कर रहे हैं, इसका आभास करने के लिए भी चाइनीज दूतावास को उसी सड़क पर कार्यक्रम करना चाहिए। मेयर बालेन शाह ने कहा कि ठमेल में स्वच्छता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इसके अलावा काठमांडू के मेयर ने चाइनीज दूतावास की तरफ से प्रस्तावित लाइट अप कार्यक्रम की भी अनुमति नहीं दी।

## बांग्लादेश के पिलखाना नरसंहार में शामिल अर्ध सैन्य बल के 300 सदस्यों की रिहाई शुरू

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश के बहुचर्चित पिलखाना नरसंहार में 16 साल तक जेल में रहने वाले अर्ध सैन्य बल बांग्लादेश राइफल्स (बीडीआर) के 300 से अधिक सदस्यों (कैदियों) की जमानत पर रिहाई शुरू हो गई। इनको रिहा करने की प्रक्रिया आज सुबह केरानीगंज के ढाका सेंट्रल जेल और गाजीपुर के काशिमपुर सेंट्रल जेल से शुरू हुई। 25 और 26 फरवरी 2009 को ढाका में बांग्लादेश राइफल्स की एक इकाई ने विद्रोह किया था। बांग्लादेश के सैन्य विद्रोह के इतिहास में यह घटना पिलखाना त्रासदी और पिलखाना नरसंहार के रूप में दर्ज है है।

ढाका ट्रिब्यून की खबर में यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश (यूएनबी) के हवाले से कहा गया है कि 178 बीडीआर सदस्यों को ढाका सेंट्रल जेल और 126 को काशिमपुर सेंट्रल जेल से रिहा किया जाना तय है। इनको रविवार को ढाका स्पेशल ट्रिब्यूनल-1 के न्यायाधीश एमडी इब्राहिम मिया ने जमानत प्रदान की थी।ढाका सेंट्रल जेल प्राधिकरण ने कहा कि जमानत के लिए जरूरी कागजात बुधवार को दोनों जेलों में भेज दिए गए थे। आज ढाका सेंट्रल जेल से 178 कैदियों को रिहा किया जा रहा है। काशिमपुर सेंट्रल जेल के अधिकारियों ने कहा कि बुधवार/गुरुवार की दरमियानी रात



एक बजे तक 38 कैदियों को रिहा कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि पिलखाना नरसंहार में 57 सैन्य अधिकारियों सहित 74 लोगों की मौत हो गई थी।

## युवाओं को आकर्षित करने के लिए सेना भर्ती सुधारों का मसौदा तैयार कर रहा यूक्रेन

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन 18 से 25 वर्ष के युवाओं को आकर्षित करने के लिए भर्ती सुधारों का मसौदा तैयार करने के अंतिम चरण में है। यह पूरी कोशिश अपने लड़ाकू बल को मजबूत करने के तरीकों की तलाश कर रहा है। यह बात राष्ट्रपति कार्यालय में नियुक्त युद्धक्षेत्र कमांडर कर्नल पावलो पालिसा ने बताई। राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख कर्नल पावलो पालिसा ने कहा कि यूक्रेन नई भर्ती के विकल्प तलाश रहा है क्योंकि सोवियत काल से विरासत में मिली मौजूदा मसौदा प्रणाली प्रगति में बाधा बन रही है। जबकि यूक्रेन ने पिछले वसंत में एक लामबंदी कानून पारित किया और भर्ती की उम्र 27 से घटाकर 25 वर्ष कर दी। इन उपायों का उसके रैंकों को फिर से भरने या रूस के साथ युद्ध में युद्ध के मैदान के नुकसान की भरपाई करने के लिए आवश्यक प्रभाव नहीं पड़ा है। बतादें कि ईमानदार अनुबंध के रूप में वर्णित इस योजना में वित्तीय प्रोत्साहन, प्रशिक्षण के लिए स्पष्ट गारंटी और सैनिकों और उनके कमांडरों के बीच बातचीत सुनिश्चित



करने के उपाय शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य मुख्य रूप से 18 से 25 वर्ष के बच्चों को आकर्षित करना है, जिन्हें वर्तमान में लामबंदी से छूट प्राप्त है। इसके जरिए उन यूक्रेनियनों को भी लक्षित किया जाएगा, जिनके पास लामबंदी कानून पारित होने के बाद स्थगन का अधिकार है या उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

## नेपाल के महाभारत पर्वतमाला के जंगल में भीषण आग लगी, तीन दिनों में भी नियंत्रण से बाहर

एजेंसी

**काठमांडू।** काठमाडौं के पड़ोसी जिले काभ्रेपलाञ्चोक में रहे महाभारत पर्वतमाला के जंगल में लगी आग तीन दिनों बाद भी नियंत्रण में नहीं आ पाई है। इस घटना के बारे में एक दिन बाद ही सरकार को मालूम चल पाया, जब लगातार धुएं निकलता देख लोगों ने स्थानीय प्रशासन को खबर किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आग नियंत्रण से बाहर है। काभ्रे जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब दो बजे शुरू हुई आग पर बृहस्पतिवार शाम तक नियंत्रण नहीं किया जा सका है। जिले के प्रमुख जिलाअधिकारी उमेश कुमार ढकाल ने कहा कि जंगल के पहाड़ की चोटी पर होने के कारण आग बुझाना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि नेपाल सेना और नेपाल पुलिस की टीमों की तैनाती के बावजूद आग पर तत्काल नियंत्रण संभव नहीं हो पाया है। सुरक्षाकर्मी आग को पास की



मानव बस्तियों में फैलने से रोकने के लिए स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। प्रमुख जिलाधिकारी ढकाल ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो स्थानीय लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में निकालने की तैयारी की जा रही है। जंगल की आग को नियंत्रित करने की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए काभ्रे जिला वन कार्यालय में सुरक्षा प्रमुखों की एक बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक के दौरान आग पर काबू पाने के विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि यदि आग को नियंत्रित करने में जमीनी प्रयास विफल रहते हैं, तो हेलीकॉप्टरों के उपयोग के लिए गृह मंत्रालय से अनुरोध किया जाएगा। काभ्रे जिल्ला पुलिस प्रमुख बसुंधरा खडका के अनुसार, स्थानीय लोगों की मदद से आग को बस्तियों तक पहुंचने से रोकने के लिए फायर लाइन बनाने के प्रयास चल रहे हैं। जंगल की आग वर्तमान में आवासीय क्षेत्रों से 3-4 किलोमीटर दूर है। खडका ने कहा कि बुधवार रात स्थिति अधिक खतरनाक दिखाई दी, लेकिन गुरुवार दोपहर तक आग की तीव्रता कुछ कम हो गई है।

## स्पेन में मध्य प्रदेश पवेलियन का शुभारंभ, राज्य मंत्री लोधी ने 'फितूर' पर्यटन मार्ट मैड्रिड में प्रदेश के पर्यटन को किया प्रमोट

एजेंसी

**मैड्रिड।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) ने स्पेन में प्रमुख ट्रैवल और टूरिज्म इवेंट्स 'फितूर' पर्यटन मार्ट मैड्रिड 2025 में भागीदारी की। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने भारत के स्पेन में राजदूत दिनेश के. पटनायक के साथ मध्य प्रदेश पवेलियन का शुभारंभ किया। राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि मध्य प्रदेश के पर्यटन को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने के लिए 'फितूर' में पार्टिसिपेट किया गया है। मध्य प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं और सभी पर्यटकों को जीवन में कम से कम एक बार मध्यप्रदेश आने के लिए आमंत्रित करने आए हैं।

लोधी ने बताया कि 'फितूर' आयोजन में विश्व के लगभग 108 देशों ने सहभागिता की। यहां आए टूर और ट्रैवल एजेंट, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के प्रतिनिधियों के माध्यम से



पर्यटकों को विभिन्न देशों के पर्यटन संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त हो सकेगी। एफआईटीयूआर 2025 के माध्यम से मध्य प्रदेश, अंतरराष्ट्रीय टूरिज्म विशेषज्ञों से संवाद करने और Heart of Incredible India के रूप में अपनी पहचान को स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. इलैयाराजा टी, उप संचालक टूरिज्म बोर्ड टूरिज्म बोर्ड विवेक जूड सहित कई अन्य प्रमुख हितधारक उपस्थित थे। स्पेन भारत के टूरिज्म के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है। वर्ष 2022 में 39,658 स्पेनिश पर्यटक भारत आए। मध्य प्रदेश में प्राचीन वास्तुकला के चमत्कार जैसे खजुराहो और साँची स्तूप एवं प्राकृतिक सुंदरता के घर जैसे बांधवगढ़, कान्हा और सतपुड़ा नेशनल पार्क स्पेन के पर्यटकों के लिए एक आदर्श स्थान है। एफआईटीयूआर 2025 में भागीदारी के माध्यम से, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों के साथ संबंध मजबूत करना, अपनी विविध विशेषताओं को प्रदर्शित करना और वैश्विक यात्रा पेशेवरों के साथ सहयोग को बढ़ावा देना है।

## इमरान खान की पार्टी ने सरकार के साथ बातचीत रोकी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जेल की सलाखों के पीछे सालभर से ज्यादा समय से कैद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने संघीय सरकार के साथ जारी बातचीत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की घोषणा की। पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने आज रावलपिंडी में पार्टी संस्थापक के फैसले की जानकारी पत्रकारों को दी।

जियो न्यूज की खबर में पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान के हवाले से कहा गया कि इमरान खान ने सात दिन में न्यायिक आयोग स्थापित करने में सरकार की विफलता के कारण बातचीत रद्द कर दी है। पीटीआई की कानूनी टीम के वरिष्ठ सदस्य बैरिस्टर गोहर अली खान ने इमरान खान से मुलाकात के बाद रावलपिंडी में अदियाला जेल (रावलपिंडी सेंट्रल जेल) के बाहर मीडिया से कहा कि



खान ने न्यायिक आयोग की स्थापना में देरी पर निराशा व्यक्त की। इमरान खान ने कहा कि अब सरकार के साथ बातचीत जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है। अब बातचीत का कोई नया दौर नहीं होगा। सरकार ने घोषणाएं कीं लेकिन अभी तक उनका पालन नहीं किया गया है, इस वजह से बातचीत को यहीं रोका जा रहा है। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब राजनीतिक तनाव कम करने के प्रयास में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली सरकार और पीटीआई के बीच दिसंबर के अंत में बातचीत शुरू हुई। अब तक तीन बार बातचीत हो चुकी है। पीटीआई ने 16 जनवरी को दो न्यायिक आयोगों के गठन की मांग की थी।

## चीन ने ट्रंप की 100 फीसदी टैरिफ वाली बात को खारिज किया

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 100 फीसदी टैरिफ वाली बात को खारिज किया है। चीन ने कहा कि ब्रिक्स गुट टकराव की वकालत नहीं करता है और किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाता है। चीनी विदेश मंत्रालय (एमओएफए) के प्रवक्ता ने कहा कि उभरते बाजारों और विकासशील देशों के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में ब्रिक्स खुलेपन, समावेशिता और सर्वजीत के सहयोग की वकालत करता है। इसका उद्देश्य सामान विकास और समृद्धि को साकार करना है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि चीन विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग को गहरा करने और विश्व अर्थव्यवस्था की स्थिर वृद्धि में अधिक योगदान देने के लिए ब्रिक्स भागीदारों के साथ काम करना जारी रखने के लिए तैयार है। भारत पहले ही कह चुका है कि उसे अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पिछले साल दिसंबर में दोहा फोरम में अपने संबोधन के दौरान कहा था कि भारत कभी भी डी-डॉलरीकरण के पक्ष में नहीं था और अभी ब्रिक्स मुद्रा रखने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा था, अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। डॉलर को कमजोर करने में हमारी कोई रूचि नहीं है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 20 जनवरी को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण के बाद कहा था कि अगर ब्रिक्स समूह (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के सदस्य राष्ट्र व्यापार में डॉलर के उपयोग में कटौती करने की कोशिश करते हैं तो उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा।

# अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर बड़ी चोट, संसद ने लैकेन रिले विधेयक को मंजूरी दी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की संसद (कांग्रेस) ने लैकेन रिले विधेयक को अंतिम मंजूरी प्रदान कर दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर के बाद यह कानून का रूप लेगा। इस कानून का एकमात्र मकसद अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाना है। इससे भारत समेत कई देशों के प्रवासी प्रभावित होंगे। माना जाता है कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों में लगभग 75,000 भारतीय हैं। ओरेगन कैपिटल क्रॉनिकल समाचार पत्र की खबर के अनुसार, डेमोक्रेट्स के बड़े गुट ने रिपब्लिकन के सहयोग से इसे 263-156 मतों से पारित किया। उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव अभियान के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद अपने पहले संबोधन में कहा था कि अवैध रूप से आए लोगों को जो जहां से आया है, वहीं वापस भेज दिया जाएगा। इस विधेयक का नाम 22 वर्षीय जॉर्जिया नर्सिंग छात्र लैकेन रिले के नाम पर रखा गया है। लैकेन की पिछले साल वेनेजुएला में हत्या कर दी गई थी। आव्रजन अधिकारियों ने लैकेन की हत्या में दोषी ठहराए गए व्यक्ति के बारे में कहा था कि उसने उचित अनुमति के बिना प्रवेश किया था। उस पर संयुक्त राज्य अमेरिका में दुकानों में चोरी का आरोप भी लगा था। अलबामा से सीनेटर केटी ब्रिट ने कहा है, मुझे गर्व है कि लैकेन रिले अधिनियम पहला ऐतिहासिक विधेयक होगा जिस पर राष्ट्रपति ट्रंप हस्ताक्षर करके कानून बनाएंगे। यह इस बात का भी सबूत है कि राष्ट्रपति ट्रंप और रिपब्लिकन वादों को पूरा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिका में तीन दशक की राजनीति में इसे सबसे महत्वपूर्ण विधेयक माना जा रहा है। इसमें आव्रजन न्यायाधीश को बॉन्ड देने की क्षमता के बिना अप्रवासियों को हिरासत में लेने का अधिकार दिया गया है। इसमें आप्रवासी बच्चों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। यह विधेयक राज्य के अटॉर्नी जनरल को संघीय आव्रजन नीति और आव्रजन न्यायाधीशों के बॉन्ड निर्णयों को चुनौती देने के लिए व्यापक कानूनी अधिकार प्रदान करता है। साथ ही प्राधिकारी राज्य सचिव को अंतरराष्ट्रीय मंच पर वीजा जारी करने से रोकने के लिए भी मजबूर कर सकता है।अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले तीन साल में विधेयक के अमल पर 83 बिलियन अमेरिकी डॉलर का खर्च आएगा। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन का अनुमान है कि बिल के लागू होने से अप्रवासियों को हिरासत में लेने वालों की संख्या बढ़ जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में भारतीयों की संख्या 50 लाख से अधिक है। इनमें से लगभग 75,000 अवैध रूप से रह रहे हैं। अमेरिका में जारी होने वाले 3,86,000 एच1बी वीजा में से लगभग तीन-चौथाई भारतीयों को मिलते हैं। दूसरी ओर अमेरिकी संविधान में 155 साल पहले हुआ 14वां संशोधन अमेरिका में जन्म लेने वाले हर बच्चे को नागरिकता का जन्मसिद्ध अधिकार देता है। कहा जाता है कि इसे भुनाने के लिए कुछ लोग केवल बच्चे पैदा करने के लिए अमेरिका जाते हैं। इसे नागरिकता पर्यटन भी कहा जाता है। ट्रंप ने दूसरा कार्यकाल शुरू करने पर आदेश जारी कर इसकी परिभाषा ही बदल दी है। यह आदेश कहता है ।

# यूसीसी का उद्देश्य एक समान और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना: जगदीप धनखड़



**रायपुर**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने समान नागरिक संहिता के संदर्भ में कहा कि संविधान में कुछ महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए गए हैं, जिनका पालन सरकार को करना होगा। उन्होंने कहा कि यूसीसी का प्रमुख उद्देश्य एक समान और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना है। उन्होंने ये बातें एनआईटी रायपुर, आईआईटी भिलाई और आईआईएम रायपुर के छात्रों को संबोधित करते हुए कही।
उन्होंने कहा कि यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) और राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों पर चर्चा करते हुए यह कहा जा सकता है कि हमारे संविधान में कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिनका पालन सरकार को करना है। एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में अपने कदम आगे बढ़ाते हुए उत्तराखंड ने एक समान सिविल कोड लागू करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि जब हम संविधान में दी गई बातों पर आपत्ति उठाते हैं, तो हमें यह समझना चाहिए कि वे नीति-निर्देशक सिद्धांतों का हिस्सा हैं, जो हमें समय-समय पर बदलाव की दिशा दिखाते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, "संविधान निमार्ताओं ने हमें कुछ बुनियादी बातों का पालन करने का निर्देश दिया था, लेकिन साथ ही यह भी संकेत दिया था कि जैसे-जैसे हमारा लोकतंत्र परिपक्व होता जाएगा, हमें अपने लोगों के कल्याण के लिए नए लक्ष्य भी तय करने होंगे। हमें केवल संकीर्ण वोटिंग पैटर्न या तात्कालिक विचारों से प्रभावित होकर फैसले नहीं लेने चाहिए, बल्कि संविधान की दी गई दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।" उन्होंने आगे कहा, " देश ने हमें संविधान दिया है और हमारी संप्रभुता भी अडिग है। कार्यकारी संस्थाओं को किसी और को नहीं सौंपा जा सकता है। कार्यपालिका केवल सरकार के पास होती है।
अगर कार्यकारी कार्यों को कोई अन्य संस्थान करता है, तो उसे संविधान के खिलाफ माना जाएगा। यह देश के लिए किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। हमें राजनीतिक दलों के बीच सार्थक संवाद के रास्ते तलाशने होंगे। बेशक कई राजनीतिक दलों की विचारधाराएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन हमें कुछ मुद्दों पर एकजुट होना होगा।"

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च किया नया 2025 एक्टिवा

**करनाल। होंडा मोटर**साइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज भारत के सबसे लोकप्रिय स्कूटर एक्टिवा का नया OBD2B- अनुपालन संस्करण लॉन्च किया, जो तकनीक, सुविधा और स्थिरता के अगले स्तर तक पहुंचाता है। नए फीचर्स से लैस यह अपडेटेड एक्टिवा ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। नई 2025 होंडा एक्टिवा की कीमतें 80,950 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) से शुरू होती हैं। नए एक्टिवा को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेजिडेंट एंड सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, एक्टिवा हमेशा से भारतीय ग्राहकों के लिए मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करने में अग्रणी रहा है। अपने नवीनतम 2025 संस्करण के साथ, यह नवाचार, सुविधा और विश्वसनीयता का आदर्श मिश्रण बना हुआ है, जिसने इसे भारत का सबसे पसंदीदा स्कूटर बनाया है। TFT डिस्प्ले के साथ ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और OBD2B-अनुपालन इंजन का समावेश तकनीक और स्थिरता के मामले में आगे रहने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हमें विश्वास है कि नया एक्टिवा न केवल हमारे ग्राहकों के राइडिंग अनुभव को बेहतर बनाएगा बल्कि भारतीय स्कूटर बाजार में होंडा की अग्रणी स्थिति को और मजबूत करेगा। नए एक्टिवा को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के डायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग, योगेश माथुर ने कहा, एक्टिवा सिर्फ एक स्कूटर नहीं है, यह भारत भर में करोड़ों परिवारों का एक विश्वसनीय साथी है और अपने टैगलाइन 'स्कूटर बोले तो एक्टिवा' के प्रति सच्चा है। नया 2025 एक्टिवा स्मार्ट फीचर्स जैसे 4.2 इंच का TFT डिस्प्ले, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और नेविगेशन, आइडलिंग स्टॉप सिस्टम और वइ टाइप-उ चार्जिंग पोर्ट के साथ ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। भारत का पसंदीदा स्कूटर होने के नाते, एक्टिवा हमेशा सुविधा और विश्वसनीयता का प्रतीक रहा है। OBD2B मॉडल के लॉन्च के साथ, हम एक स्वच्छ भविष्य की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए बेहद खुश हैं।



## केंट आरओ सिस्टम्स लिमिटेड ने सेबी के पास दायर किया डीआरएचपी

**नोएडा। केंट** आर ओ सिस्टम्स लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के जरिये इक्विटी शेयर पूंजी की पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। कुल पेशकश में प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा 1 रुपये प्रति शेयर अंकित मूल्य वाले 10,094,568 इक्विटी शेयरों तक की ह्यबिक्री के लिए पेशकशह्ल शामिल है।
ब्रांड केंट अच्छी तरह से स्थापित है और भारत में वाटर प्यूरीफायर उत्पाद श्रेणी में रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) तकनीक शुरू करने में अग्रणी के रूप में पहचाना जाता है। (स्त्रोतः टेक्नोपैक रिपोर्ट)। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने वाटर प्यूरीफायर उत्पाद श्रेणी में अपनी उत्पाद रेंज का विस्तार किया है, जो 30 सितंबर, 2024 तक 5.50 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान कर रही है।
मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) हैं।

## परेड का हुआ फाइनल रिहर्सल, उपायुक्त-एसपी ने किया निरीक्षण



**पलामू**
**76वें गणतंत्र** दिवस समारोह को लेकर पलामू जिले में उत्साह का माहौल है। मुख्य समारोह का आयोजन मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में रविवार को किया जाएगा। यहां सुबह 9.05 बतौर मुख्य अतिथि राज्य के संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर झंडोतोलन करेंगे। मुख्य समारोह के आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर ली गई है। शुक्रवार को पूर्वाहन में परेड का फाइनल रिहर्सल किया गया। उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया। जरूरी तैयारियों की जानकारी ली। कई दिशा निर्देश दिए। परेड का निरीक्षण करने के लिए उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक एक खुली जीप में सवार हुए और मैदान का राउंड लगाकर परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। बाद में तिरंगा फहराकर सलामी दी और राष्ट्रगान हुआ। मौके पर महिला एवं पुरूष जिला पुलिस, एनसीसी के अलावा स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियों ने परेड में हिस्सा लिया। जवानों ने परेड करते हुए तिरंगे को सलामी दी। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि इस वर्ष आकर्षक और भव्य झांकी निकाली जाएगी। अलग-अलग क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 50 लोगों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से मुख्य समारोह में शामिल होकर आकर्षक और ज्ञानवर्धक झांकी देखने की अपील की है।
इस दिन का खास महत्व है हमारे लिए। आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था।

## अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की पवित्र महासंगम यात्रा, हर घर में ज्योतिर्लिंग दर्शन का धार्मिक महाअभियान

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषदद्वारा पवित्र महासंगम यात्रा का योजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 23 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे दिल्ली के 69, साउथ एवेन्यू से किया जा रहा है। इस यात्रा को हरी झंडी मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री तरुण चुग जी द्वारा दिखाई जायेगी। भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पुनः जीवंत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय धर्म और संस्कृति की महिमा को हर घर तक पहुँचाना, 12 ज्योतिलिंगों के दर्शन करना, धार्मिक स्थलों को आध्यात्मिक केंद्रों के रूप में स्थापित करना है, और महा शिवरात्रि के अवसर पर 108 शिव मंदिरों में त्रिशूलों को शक्ति केंद्र के रूप में स्थापित करके इसे संपन्न किया जाएगा। यह यात्रा न केवल भक्ति के रस से भक्तों को जोड़ने का प्रयास है, बल्कि यह समाज में एकता और समृद्धि की भावना भी उत्पन्न करेगी। श्री दीप सिहाग सिसाय, राष्ट्रीय महामंत्री, IMPC एवं संयोजक महासंगम यात्रा, ने कहा, "यह यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि एक आध्यात्मिक आंदोलन है जो देशभर में भक्ति की एक नई लहर पैदा करेगी। हम चाहते हैं कि लोग इस यात्रा के माध्यम से अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पहचानें और सम्मानित करें।"
इस यात्रा का समाज पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। यह न केवल लोगों को भक्ति और धर्म से जोड़ने का काम करेगी, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं को पुनः स्थापित करने का भी एक प्रयास है। समाज में एकता, सामूहिकता और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए यह यात्रा अहम साबित होगी। यह यात्रा धर्म और आस्था के नए आयाम को प्रस्तुत करेगी और लोगों के मन में धार्मिक स्थलों के प्रति गहरी श्रद्धा उत्पन्न करेगी। महासंगम यात्रा, भारतीय संस्कृति और धार्मिक जीवन के सम्मान को पुनः स्थापित करने का प्रयास है, जो हमें अपने गौरवपूर्ण अतीत से जोड़ते हुए एक उज्जवल भविष्य की ओर ले जाएगी

## आईजी रायपुर रेंज अमरेश कुमार मिश्रा बोले- सुरक्षाबलों ने 16 नक्सली किए ढेर

**रायपुर**
छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में नक्सलियों के साथ चल रही मुठभेड़ में अब तक 16 नक्सलियों को मार गिराया गया है। मारे गए नक्सलियों में छह महिलाओं के शवों को भी बरामद किया गया है। आईजी रायपुर रेंज अमरेश कुमार मिश्रा ने आईएएनएस से खास बातचीत में बताया कि 19 जनवरी की शाम से मुठभेड़ शुरू हुई थी। अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इसके अलावा 17 हथियार भी बरामद किए गए हैं, साथ करीब दो दर्जन से अधिक आईईडी को भी निष्क्रिय किया गया है। ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए जंगलों में अभियान लगातार जारी है। उन्होंने मुठभेड़ के बारे में बताया, "मौके से कई हथियार बरामद हुए हैं और जो सूचनाएं मिली हैं, उसके मुताबिक मुठभेड़ के दौरान कई बड़े नक्सलियों के मारे जाने के सबूत मिले हैं।" नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में आईजी रायपुर रेंज अमरेश कुमार मिश्रा ने कहा, "छत्तीसगढ़ पुलिस अधीक्षक और पुलिस मुख्यालय स्तर पर कुछ सूचना प्राप्त हुई थी। मैं खुद इसमें शामिल था, जिसके बाद योजना बनाई गई और उसके बाद छत्तीसगढ़ के सुरक्षाकर्मियों की मदद के लिए ओडिशा की फोर्स का भी सहयोग मांगा गया था, लेकिन योजना स्तर पर वह शामिल नहीं थे। हालांकि, बाद में वहां से भी मदद आई और इसके बाद संयुक्त अभियान चलाया गया।" मृत नक्सलियों की संख्या बढ़ने पर उन्होंने कहा, "अक्सर देखते हैं कि नक्सली एनकाउंटर में जितने भी शव बरामद होते हैं, मरने वालों की संख्या उससे भी ज्यादा होती है।"गरियाबंद में नक्सलियों की गतिविधियों को अचानक से बढ़ने पर आईजी रेंज ने कहा, "यह नक्सली यहां रहा करते थे और वह यहां पर काफी प्रभावी थे। इनका बस्तर से आवागमन बना रहता है।" मुठभेड़ गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी के घने जंगलों में हुई है। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी हुई। जानकारी के अनुसार, इस इलाके में 50 से ज्यादा नक्सली मौजूद थे, जिनके खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। फिलहाल सुरक्षाबलों ने जंगल के हर कोने में तलाशी शुरू कर दी है।

## मध्य प्रदेश के 17 अलग-अलग धार्मिक स्थानों में की जाएगी शराबबंदी : मोहन यादव



**भोपाल**
**मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा** गोटेगांव में आयोजित ऑल इंडिया प्रो-कबड्डी टूर्नामेंट को संबोधित करते हुए कहा कि देश के खिलाड़ियों ने बल, पराक्रम, कौशल एवं बुद्धि से पूरे विश्व में पहचान बनाई है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया है। प्रत्येक आयोजन में कबड्डी एवं कुश्ती के खिलाड़ियों ने निश्चित रूप से पदक प्राप्त किया है। मोहन यादव ने कहा कि आने वाला समय युवाओं का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों एवं खेल विधाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नवीन शिक्षा नीति में खेलों को विषय के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही जन शिक्षकों की भर्ती की गई है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराई की रोकथाम के लिए 17 अलग-अलग धार्मिक स्थानों में शराबबंदी की जाएगी। नर्मदा परिक्रमा वासियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नर्मदा किनारे उनके लिए आश्रय स्थल तथा स्नान घाट बनाए जाएंगे। नर्मदा के आंचल को हरा-भरा कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन, सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा पारंपरिक खेलों के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ ही विगत 41 वर्षों से निरंतर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के बड़े पैमाने पर आयोजन की तारीफ की। उन्होंने कहा कि समिति के प्रयासों से देश-प्रदेश स्तर के अनेक खिलाड़ी तैयार हुए हैं। कबड्डी का ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं है, जो गोटेगांव से खेलकर न गया हो। उन्होंने कबड्डी के खिलाड़ियों एवं प्रशंसकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कबड्डी एकमात्र ऐसा खेल है, जिसमें भारतीय दर्शन परिलक्षित होता है। कबड्डी प्राणायाम और व्यायाम से जुड़ा हुआ है। महाभारत के चक्रव्यूह की संरचना की तरह इस खेल के मैदान में खिलाड़ी की पराक्रम और स्फूर्ति का अद्भुत समन्वय का अहसास होता है। बदलते दौर में अब अन्य देश भी कबड्डी को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

## पिरामल फार्मा ने ब्रांड लिटिल के लिए यामी गौतम को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर

**नोएडा।** पिरामल फार्मा लिमिटेड के इंडिया कंज्यूमर हेल्थकेयर (आईसीएच) ने आज अपने प्रमुख बेबी केयर ब्रांड, लिटिल के लिए अपने नए अभियान, स्विच टू सॉफ्टर की शुरूआत की घोषणा की। इस अभियान में अभिनेत्री यामी गौतम को ब्रांड के नए एंबेसडर के रूप में दिखाया गया है और लिटिल के फ्लफी सॉफ्ट डायपर पैंट पेश किए गए हैं - जो 12 घंटे के अवशोषण को सुनिश्चित करने के लिए बेहतर आयातित सामग्रियों से तैयार किए गए हैं, एक एंटी-रैश फॉमूर्ला और शिशुओं के लिए चौतरफा सुरक्षा और बढ़ी हुई कोमलता के लिए एक नमी सूचक है। युवा माताएं अक्सर शिशु उत्पादों का चयन करते समय खुद उचित शोध करने के बजाय परिवार, दोस्तों और अपने सामाजिक दायरे की ओर रुख करती हैं। ब्रैंड लिटिल का उद्देश्य माताओं को ब्रांड को आजमाकर सूचित विकल्प बनाने के लिए राजी करके इस प्रवृत्ति को तोड़ना है, जो चिकने और मुलायम डायपर देने का वादा करता है, जिसे मूर्त रूप से महसूस किया जा सकता है। पिरामल कंज्यूमर हेल्थकेयर के सीईओ साई रमना पोनुगोटी ने कहा, "शहरीकरण के बढ़ने, वैश्विक रुझानों के बारे में अधिक जानकारी और बाल स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ, भारत में नई माताओं की शिशु देखभाल उत्पादों के लिए अपेक्षाएँ काफी बढ़ गई हैं। आज, नई माताएँ ऐसे डायपर की माँग करती हैं जो न केवल अवशोषण की गारंटी देता हो बल्कि नाजुक शिशु की त्वचा की रक्षा के लिए कोमल कोमलता भी प्रदान करता हो। लिटिल के फ्लफी सॉफ्ट डायपर पैंट को आराम, सुरक्षा और नवीनता के साथ इन जरूरतों को पूरा करने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है।

## हिमाचल में दुग्ध प्रसंस्करण को मिलेगा नया आयाम: मुख्यमंत्री ने रखा संयंत्र का आधार

**शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य में दुग्ध उत्पादन** और प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए को एक नए दूध प्रसंस्करण संयंत्र की आधारशिला रखी। यह संयंत्र हिमाचल उत्पादकों और

## सोते हुए युवक पर तलवार से हमला, तीन उंगलियां कटीं, दादा की बहादुरी से बची जान



**अशोकनगर। ज**मीन विवाद ने जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ओंडेर गांव में एक और परिवार को खून के रिश्तों में दरार की कहानी दे दी। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक घटना में 19 वर्षीय शैलेंद्र दांगी पर उसके ही ताऊ के बेटों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना आधी रात के करीब 12 बजे की है, जब शैलेंद्र अपने खेत में बने बाड़े पर सो रहा था। अचानक, राघवेंद्र, कल्लू और विजय नाम के तीन हमलावर तलवारें लेकर वहां पहुंचे और सोते हुए शैलेंद्र पर बेरहमी से वार करने लगे। इस हमले में शैलेंद्र के एक हाथ की दो और दूसरे हाथ की एक उंगली कट गई। साथ ही, गर्दन और हाथों पर हुए वार से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।
शैलेंद्र की चीख-पुकार सुनकर पास में सो रहे उसके 70 वर्षीय दादा जाग गए। लाठी लेकर उन्होंने हिम्मत दिखाई और हमलावरों का सामना किया। दादा को देख तीनों हमलावर मौके से भाग निकले।

**जमीन विवाद है कारण**
परिजनों के अनुसार, यह हमला परिवार में कुछ महीने पहले हुए जमीन बंटवारे को लेकर चला आ रहा तनाव का नतीजा है। शैलेंद्र के पिता और ताऊ के बीच हुए इस विवाद ने हिंसा का रूप ले लिया।

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)
**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान
**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारुकी ,
**सह संपादक:** राम सिंह यादव
उक्त सभी पद अवैतनिक है

# यूपी के छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश

### उपराष्ट्रपति, राज्यपाल और सीएम योगी रहेंगे मौजूद

**लखनऊ । उत्तर** प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक अवध शिल्पग्राम में होगा। इसके साथ ही महाकुंभ के सेक्टर-7, नोएडा शिल्पग्राम समेत सभी 75 जनपदों में भी विविध आयोजन होंगे। लखनऊ में होने वाले मुख्य महोत्सव में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे।
स्थापना दिवस की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' है। इस बार छह लोगों को 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान' प्रदान किया जाएगा। लोकभवन सभागार में मीडिया से मुखातिब संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के आयोजन की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' रखी गई है। सभी विभागों द्वारा उसी थीम पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो आदि होंगे। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस-मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का धूमधाम से आयोजन होगा। विरासत व विकास पर अलग-अलग प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पर उनके जीवन प्रसंग आदि से दर्शक अवगत हो सकेंगे। इसके अलावा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, सरदार वल्लभ भाई

## कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने किया आइटीबीडी का उद्घाटन

**चंडीगढ़:** दिल्ली एनसीआर के बाद चंडीगढ़ ट्राईसिटी उत्तर भारत का प्रगतिशील आईटी और इनोवेशन हब के रुप में उभर रहा है। गत वर्षो में कारपोरेट और आईटी कंपनियों ने जहां एक ओर इस रिजन के युवाओं के टैलेंट और प्रोफेशनलिज्म को निखारा है वहीं देश के अर्थव्यावस्था को मजबूती प्रदान की है। यह भाव पंजाब सरकार के रोजगार और डिजाइन (आईटीबीडी) के चंडीगढ़ के नये आफिस के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किये।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी